


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर, दुर्ग एवं जगदलपुर से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

वर्ष 15, अंक 135 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, मंगलवार 07 अप्रैल 2026 | www.samaydarshan.in







## संक्षिप्त समाचार

### बेरोजगारों को 2000 रुपए प्रति महीना और महिलाओं को मुफ्त बस सेवा, पुडुचेरी में राहुल गांधी ने दीं पांच गारंटी

**पुडुचेरी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगर पुडुचेरी में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनती है तो महिलाओं को सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पुडुचेरी के लोगों को 5 गारंटी देते हुए कहा कि ?बेरोजगार युवाओं के लिए 2000 रुपए प्रति महीना की सहायता दी जाएगी। ?सरकारी और निजी क्षेत्रों में 30,000 नई नौकरियां दी जाएंगी। ?महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त होगी। सरकारी नौकरी के लिए भर्ती की अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 40 वर्ष तक की जाएगी। ?इसके अलावा हर परिवार का 20 लाख का स्वास्थ्य बीमा किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि यह खोखले वादे नहीं हैं। ये गरिमा और सुरक्षा की नींव हैं। उन्होंने कहा कि जब भी मैं पुडुचेरी आता हूं, आप मुझे बहुत प्यार और स्नेह देते हैं। पुडुचेरी के लोगों और मेरे परिवार के बीच भावनात्मक रिश्ता है। यह सिर्फ एक राजनीतिक संबंध नहीं है। यह बहुत गहरा और पुराना रिश्ता है। यह प्यार और आपसी सम्मान का रिश्ता है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि पुडुचेरी की आवाज इस खूबसूरत राज्य को चलाए। आइए एक ऐसी सरकार बनाएं जो वास्तव में पुडुचेरी की आवाज का प्रतिनिधित्व करती हो। एक ऐसा पुडुचेरी बनाएं जो सचमुच वहां के लोगों की आवाज को दर्शाता हो।

### छत्तीसगढ़ में पांच की मौत, ट्रक-कार की टक्कर में पति-पत्नी और बेटे की गई जान

**सरगुजा।** सरगुजा जिले में सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ। प्रतापपुरङ्कअंबिकापुर मार्ग पर सकालो जंगल के पास यह दुर्घटना हुई। इसमें एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। दुप्पी चौरा रजापुर निवासी एक परिवार सुबह करीब पांच बजे कार से अंबिकापुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान प्रतापपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में 52 वर्षीय कई लाराम, उनकी पत्नी मानीमती (50 वर्ष) और पुत्र राहुल टोप्पो (25 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

मालदा की घटना पर सुप्रीम सख्ती

# हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का फोन न उठाने पर मुख्य सचिव को फटकार, कहा- माफी मांगो

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

### एनआईए करेगी पूछताछ

सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा की घटना से जुड़े सभी मामलों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 26 लोगों से अब एनआईए पूछताछ करेगी।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन नहीं उठाया, जो कि बेहद गंभीर लापरवाही है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे इस मामले में मुख्य न्यायाधीश से माफी मांगें।

इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की नौकरशाही पर भी तीखी टिप्पणी की। चीफजस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची व जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि पश्चिम बंगाल प्रशासन की विश्वसनीयता



कमजोर हो रही है और राजनीति सचिवालय और सरकारी दफ्तरों में घुस रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मालदा घटना पूर्व नियोजित और प्रेरित थी, जिसमें न्यायिक अधिकारियों को घंटों घेरा गया। कोर्ट ने एनआईए को उन 26 लोगों से पूछताछ करने का आदेश दिया, जिन्हें राज्य पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कोर्ट ने बंगाल के मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला को फटकार लगाते हुए कहा कि उन्होंने घटना वाले दिन एक अप्रैल को कलकत्ता हाई कोर्ट के चीफजस्टिस के फोन कॉल नहीं उठाए। कोर्ट ने मुख्य सचिव से माफी मांगने को कहा। शीर्ष कोर्ट ने यह भी कहा कि यह जिला प्रशासन की विफलता को दर्शाता है।

### सुप्रीम कोर्ट का एसआईआर न्यायाधिकरणों को आदेश


सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची अपडेट के लिए एक दिन की समयसीमा तय की और एसआईआर न्यायाधिकरणों को दस्तावेजों को फिर से देखने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, हमने न्यायाधिकरणों से अनुरोध किया है कि वे पूरी दस्तावेजी प्रक्रिया को फिर से देखें, जिसमें न्यायिक अधिकारियों के कारण भी शामिल हैं, ताकि किसी भी शक को दूर किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, हमने उनसे अनुरोध किया है कि पक्षकारों को निष्पक्ष सुनवाई दी जाए।

### एसआईआर प्रक्रिया में तैनात थे 700 न्यायिक अधिकारी

700 न्यायिक अधिकारी पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड से एसआईआर प्रक्रिया में तैनात थे, जो 60 लाख से अधिक मतदाताओं के आपत्तियों और दावों का निपटारा कर रहे थे।

# असम में पिछले दशक में लाखों परिवारों तक बिजली पहुंचाई गई, डबल इंजन सरकार ने हालात बदले : पीएम मोदी

**होजाई ( एजेंसी )।** असम विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को होजाई में विशाल जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों का उत्साह और ऊर्जा यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि असम ने इस बार भी भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत राज्य में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए की। उन्होंने कहा कि असम ने बीते वर्षों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य में कई नए बिजली संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे न केवल ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि असम सरकार के प्रयासों को केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिला है, जिसके कारण आज कई क्षेत्रों में लोगों के बिजली बिल शून्य हो गए हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस राज्य में बिजली की उपलब्धता बेहतर होती है, वहां उद्योग स्वतः विकसित होने लगते हैं। आज असम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और बिजली के क्षेत्र में अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण बन चुका है। पिछले एक दशक में लाखों परिवारों तक बिजली पहुंचाई गई है, जिन्हें पहले वर्षों तक कनेक्शन का इंतजार करना पड़ता था। अब राज्य 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के बेहद करीब है।

सभा के दौरान प्रधानमंत्री ने जनता के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि लोगों के दिलों में जो भावना है, वही भावना पूरे असम में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि होजाई, कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि राज्य की जनता विकास के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहती है।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम को विकास से वंचित रखा और राज्य को कई समस्याओं में उलझाए रखा।

उन्होंने कहा कि उस समय असम बिजली के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर था और बार-बार बिजली संकट का सामना करता था, जबकि बिजली कंपनियां घाटे में चल रही थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है।

# छत्तीसगढ़ की धरती के कण-कण में बसे हैं भगवान श्रीराम : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के कुनकुरी के सालियाटोली में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन और चरित्र का उल्लेख करते हुए उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस पावन अवसर पर व्यासपीठ पर विराजमान परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापूजी को सादर नमन करते हुए कहा कि आज कुनकुरी की यह पावन धरा धन्य हो गई है। उन्होंने कहा कि सालियाटोली का यह स्टेडियम श्रीराम कथा के रसपान से साक्षात श्रीराम का धाम बन गया है और चारों ओर 'जय श्रीराम' की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम का छत्तीसगढ़ से अत्यंत गहरा संबंध है। यह माता कौशल्या की पावन धरती है और भगवान श्रीराम का ननिहाल है, जहाँ वे भांजे के रूप में घर-घर में पूजे जाते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्ष के वनवास का अधिकांश समय दंडकारण्य क्षेत्र एवं छत्तीसगढ़ के जंगलों में बिताया, जिससे यहाँ के कण-कण में राम की उपस्थिति अनुभव होती है। वनवास काल से जुड़े सीता रसोई जैसे अनेक पवित्र स्थल आज भी इस भूमि की आध्यात्मिक विरासत के साक्षी हैं।

उन्होंने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम उस कालखंड में जीवन जी रहे हैं, जब अयोध्या में भगवान श्रीराम की पुनः प्रतिष्ठा हुई है। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा ने पूरे भारत को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प से संभव हो सका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया था कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को श्रीरामलला के दर्शन कराए जाएंगे। इसी भावना के अनुरूप राज्य सरकार ने गठन के साथ ही श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की, जिसके माध्यम से अब तक लगभग 42 हजार श्रद्धालु अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस के कण-कण में विराजमान हैं। जांजगीर क्षेत्र में रामभक्ति का विशेष स्वरूप देखने को मिलता है, जहाँ रामनामी समुदाय के लोग अपने रोम-रोम में राम का नाम बसाए हुए हैं और अपनी आस्था के प्रतीक स्वरूप अपने शरीर पर 'राम-राम' का गोदना अंकित कराते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल और 100 टन से अधिक हरी सब्जियां अयोध्या भेजी गई थीं। यह विशेष भोग ननिहाल के प्रेम और 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात प्रभु की स्थापना के उपलक्ष्य में समर्पित किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ से गई डॉक्टरों की टीम एवं मेडिकल स्टाफ ने अयोध्या में रामभक्तों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने अवैध धर्मांतरण को रोकने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू किया है, जिसके सख्त प्रावधानों के माध्यम से इस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

# जग्गी हत्याकांड : अमित जोगी को उम्रकैद, सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 20 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2003 के जग्गी हत्याकांड में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने 78 पन्नों के आदेश में सजा के साथ 1,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सोमवार को हाई कोर्ट का आदेश जारी हुआ है।

हाईकोर्ट ने आदेश में अमित जोगी को तीन सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। इस हिसाब से उन्हें 23 अप्रैल तक सरेंडर करना होगा। यदि इस दौरान उन्हें सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिलती, तो उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर अदालत में पेश होना पड़ेगा।

**सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ ?-** हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अमित जोगी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली तारीख 20 अप्रैल तय की है। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा



है कि वे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ विधिवत याचिका दायर कर सकते हैं।

**क्या है पूरा मामला ?-** यह मामला 4 जून 2003 को रामावतार जग्गी की हत्या से जुड़ा है। उस समय वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (हृष्टक्क) के नेता और प्रदेश के प्रभावशाली राजनीतिक चेहरे थे। रायपुर में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मामले की शुरुआती जांच राज्य पुलिस ने की थी, लेकिन बाद में इसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया गया। जांच में हत्या के पीछे साजिश और शूटरों के इस्तेमाल की बात सामने आई थी।

**पहले क्या हुआ था ?-** साल 2007 में ट्रायल कोर्ट ने 28 आरोपियों को दोषी ठहराया था, लेकिन साक्ष्य के अभाव में अमित जोगी को बरी कर दिया गया था। इस फैसले को चुनौती दी गई, लेकिन देरी के चलते 2011 में हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी।

इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां पिछले साल नवंबर में कोर्ट ने हाईकोर्ट को केस पर दोबारा विचार करने का निर्देश दिया। इसी के बाद मामले की पुनः सुनवाई हुई और अब यह फैसला आया है।

**कौन थे रामावतार जग्गी ?-** रामावतार जग्गी छत्तीसगढ़ के कारोबारी और सक्रिय राजनीतिक व्यक्ति थे। वे पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के करीबी माने जाते थे। जब शुक्ल ने कांग्रेस छोड़कर हृष्टक्क जॉइन की, तो जग्गी भी उनके साथ जुड़ गए और पार्टी में कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली।



## खबर-खास

### कटंगी नाला निर्माण के लिए 2. 99 करोड़ रुपये रु की प्रशासकीय स्वीकृति



**सराईपाली ग्रामीण ( समय दर्शन )** । प्रदेश के जल संसाधन विभाग द्वारा महासमुंद जिले के विकासखण्ड-सराईपाली के कटंगी नाला पर ग्राम अमलडीह में एनीकट निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 99 लाख 87 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं।

योजना के निर्माण कार्य होने पर निस्तारी, भू-जल संवर्धन एवं किसानों द्वारा स्वयं के साधन से 100 हेक्टेयर क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा मिलेगी। योजना के निर्माण कार्य पूर्ण कराने मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों के इम्पैनलमेंट हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**बेमेतरा( समय दर्शन )**। वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित उत्कृष्ट आवासीय शिक्षण संस्थानों के इम्पैनलमेंट हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, उन्हें बेहतर करियर चयन के लिए सक्षम बनाना तथा प्रतिस्पर्धी वातावरण में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। साथ ही विद्यार्थियों के बहुमुखी व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष जोर दिया गया है।

योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक राज्य के उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में नि:शुल्क शिक्षा की सुविधा दी जाएगी। चयनित संस्थानों को विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क की प्रतिपूर्ति भी की जाएगी। इच्छुक संस्थानों को निर्धारित प्रारूप में रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्ताव अपने जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2026, अपरान्ह 5:00 बजे तक निर्धारित की गई है। योजना से संबंधित मापदण्ड एवं विस्तृत जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां से इच्छुक संस्थाएं आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकती हैं।

### 1 लाख की मांग ने ली जान, प्रताड़ना से तंग आकर की आत्महत्या, फरार महिला आरोपी आखिरकार गिरफ्तार

**दुर्ग ( समय दर्शन )**। दुर्ग के सुपेला क्षेत्र में पैसों के दबाव ने एक जिंदगी खत्म कर दी और अब उसी मामले में फरार महिला आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है, हाउसिंग बोर्ड कोहका में 28 मार्च 2026 की सुबह जब 42 वर्षीय मोहन रामटेके अपने ही घर में मृत अवस्था में मिले तो मामला सामान्य नहीं लगा, मर्ग जांच शुरू हुई और जैसे-जैसे परतें खुलीं, एक खौफनाक सच्चाई सामने आई, जांच में पता चला कि आरोपी लगातार ?1,00,000 की मांग को लेकर घर पहुंचकर और फोन के जरिए मृतक को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, दबाव इतना बढ़ा कि आखिरकार मोहन रामटेके ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया, मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सुपेला चौकी स्मृति नगर पुलिस ने अपराध क्रमांक 457/2026 के तहत धारा 108, 3(5) क्र्हर में केस दर्ज कर विवेचना शुरू की, पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका था, लेकिन इस केस की अहम कड़ी बनी फरार आरोपिया सोनिया गोस्वामी लगातार पुलिस की पकड़ से बाहर थी, आखिरकार 06 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम ने उसके गांव जेवरासिरसा में दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया, पूछताछ के बाद आरोपिया को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया, इस पूरी कार्रवाई में स्मृति नगर चौकी पुलिस की त्वरित और सटीक रणनीति ने अहम भूमिका निभाई, पुलिस ने मामले में जरूरी दस्तावेज और मोबाइल साक्ष्य भी जब्त किए हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है, दुर्ग पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या अवैध दबाव अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा—क्योंकि कभी-कभी शब्द और दबाव ही सबसे बड़ा हथियार बन जाते हैं, जो सीधे जिंदगी छीन लेते हैं।

### सिर्फ एक गलती का डर और खत्म हो गई जिंदगी: 21 साल के युवक ने टावर से लगाई मौत की छलांग

**दुर्ग ( समय दर्शन )**। दुर्ग के नंदिनी नगर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब बीएसपी अस्पताल के पीछे टाउनशिप क्षेत्र में एक 21 वर्षीय युवक ने बीएसएनएल टावर से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, घटना इतनी अचानक और दर्दनाक थी कि मौके पर पहुंची पुलिस और आसपास के लोग भी सन्न रह गए, दिनांक 06 अप्रैल 2026 को जैसे ही सूचना थाना नंदिनी नगर पुलिस को मिली, टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची, फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स को बुलाया गया और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू की गई, युवक का शव टावर के नीचे पड़ा मिला जिसे पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, मृतक की पहचान आकाश चंद्रिका पुरे, उम्र 21 वर्ष, निवासी टाउनशिप नंदिनी नगर के रूप में हुई जो डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर का छात्र था।

## एक मंच,एक लक्ष्य सशक्त युवा, सशक्त राष्ट्र के लिए समर्पित उन्नति शाखा के नई कार्यकारिणी का शपथग्रहण सम्पन्न

**बसना ( समय दर्शन )**। मारवाड़ी युवा मंच उन्नति शाखा के नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ इस अवसर पर उन्नति के संरक्षक श्रीमति रीना अग्रवाल ने अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, सचिव कंचन अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संध्या अग्रवाल को मंच सेवा के प्रति सच्ची निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई ।

शपथ ग्रहण उपरांत नवगठित टीम को विधिवत पदभार सौंपा गया ,,तथा उनके आगामी कार्यकाल के लिए स्वर्णिम, सफल एवं प्रेरणादायी भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। निवृतमन अध्यक्ष शालिनी ,सचिव श्वेता एवं कोषाध्यक्ष सपना एंड टीम ने साल भर शानदार कार्य किए है । निवृतमान अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने नए टीम का मार्गदर्शन एवं सहयोग देने की बात की ।



वर्तमान अध्यक्ष ने सबका धन्यवाद किया एवं मारवाड़ी युवा मंच उन्नति शाखा को नई ऊंचाइयों में ले जाने की कोशिश का भरोसा दिया ।

शपथ ग्रहण समारोह में शाखा के वरिष्ठ सदस्य रीना अग्रवाल ,संगीता अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल ,ममता अग्रवाल ,श्वेता अग्रवाल पार्षद एवं वरिष्ठ सदस्य विनीता अग्रवाल , पूर्व अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, सचिव श्वेता अग्रवाल , कोषाध्यक्ष सपना अग्रवाल , वर्तमान उपाध्यक्ष नैना अग्रवाल ,सह सचिव स्नेहा अग्रवाल , नन्ही मुस्कान शाखा संयोजक साक्षी अग्रवाल ,सांस्कृतिक कार्यक्रम शाखा संयोजक नेहा अग्रवाल की भूमिका रही। अमृतधारा शाखा संयोजक नेहा अग्रवाल , रिंशु अग्रवाल एवं पूरे टीम के सेवाभावी कार्य से उन्नति शाखा को बल मिला है।

शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्रीमती रीना अग्रवाल ने उन्नति शाखा के कार्यों में रचनात्मक और उमंग के साथ शाखा के सभी गतिविधियों को सकारात्मक दिशा प्रदान करने अपील किया है।

## रोजगार दिवस एवं आवास दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव का आयोजन

**धमतरी ( समय दर्शन )**। शासन के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 07 अप्रैल 2026 को प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन के पूर्व ग्राम पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर दोनों योजनाओं से संबंधित लंबित विषयों एवं समस्याओं का निराकरण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

आगे उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों के निर्माण को अधिकतम 90 दिनों में पूर्ण कराने के लिए ग्राम पंचायतों में कार्ययोजना तैयार की जाएगी। साथ ही आवास हितग्राहियों को हस्तांतरित राशि की जानकारी दी जाएगी तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की दीदियों को निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं आजीविका गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। हितग्राहियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा आवासों से संबंधित लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को भी पूर्ण कराया जाएगा। प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

इसी प्रकार महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं मांग के आधार पर नए कार्य प्रारंभ करने पर भी चर्चा की जाएगी। मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया अभियान के अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया योजना के तहत सभी सीएलएफके लिए नए तरिया (तालाब) निर्माण हेतु उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन कर दो माह के भीतर कार्य पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाई जाएगी। कार्य प्रारंभ होने एवं प्रगति के दौरान जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा तथा स्लोगन, नारे एवं जिंगल के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष से की भेंट, संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )**। जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव की कार्यकारिणी की घोषणा बाद संगठन को सक्रियता की नई दिशा देते हुए जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को साथ लेकर कारों के काफिले के साथ राजनांदगांव से रायपुर पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से भेंट-मुलाकात की तथा उनका स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।



जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अनीस खान ने जारी बयान में बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर से रायपुर यात्रा कर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता के बाद राजधानी पहुंचे थे, इसके बावजूद उन्होंने राजनांदगांव से पहुंचे सभी पदाधिकारियों को समय देकर आत्मीयता से मुलाकात की। सभी पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष विपिन यादव व प्रभारी महामंत्री राहुल तिवारी ने प्रत्येक पदाधिकारी का परिचय प्रदेश अध्यक्ष से करवाया, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने सहज और सरल रूप से प्रत्येक पदाधिकारी के साथ व्यक्तिगत रूप से फोटो खिंचवाई व संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी की सभी गतिविधियों एवं अब तक किए गए संगठनात्मक कार्यों से प्रदेश अध्यक्ष को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जिलाध्यक्ष विपिन यादव के सक्रिय नेतृत्व एवं संगठनात्मक कार्यों की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से संगठन को मजबूती मिल रही है। साथ ही उन्होंने भविष्य में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। दीपक बैज ने स्पष्ट कहा कि गुटबाजी से दूर रहकर हम सभी को एक परिवार की तरह कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है। यही हम सबका एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने 2028 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाते हुए चारों विधानसभा सीटों पर विजय का आह्वान किया, जिसमें वर्तमान तीन सीटों को बरकरार रखते हुए राजनांदगांव विधानसभा में भी जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

इसके साथ ही उन्होंने जिले में कांग्रेस संगठन को सोशल मीडिया के क्षेत्र में बूथ, ब्लॉक और जिला स्तर तक सुदृढ़ करने के संबंध में जिला अध्यक्ष विपिन यादव को विशेष मार्गदर्शन एवं आवश्यक निर्देश दिए। बूथ गठन को लेकर भी उन्होंने विस्तार से जानकारी ली और इसे शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया कि जिले में बूथ गठन का कार्य 60 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है और शीघ्र ही इसे शत-प्रतिशत पूर्ण कर सूची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को सौंप दी जाएगी।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ - कलेक्टर

### मिशन कर्मयोगी एप में निर्धारित पाठ्यक्रम को 8 अप्रैल तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )**। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं प्राप्त शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध और सुचारू रूप से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक में अनुपस्थिति और कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।

कलेक्टर ने अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी एप में सभी आवश्यक जानकारी एवं कार्यों को 8 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राशन कार्ड बनाने के पूर्व पात्र हितग्राहियों के सभी दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने प्रत्येक पीडीएस



दुकानों में प्रतिमाह चावल उत्सव मनाने कहा एवं चावल उत्सव के दौरान अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जांजगीर-अकलतरा एवं अन्य व्यस्ततम मार्ग पर सड़क पर विचरण कर रहे मवेशियों को अभियान चलाकर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने जिले में जल संरक्षण एवं संचय के कार्यों को अभियान के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गर्मी के मद्देनज़र जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्भरण के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से अधिकाधिक जल संरचना से जुड़े कार्य जैसे तालाब गहरीकरण, कुआं निर्माण, आजीविका डबरी, सोख्ता गड्ढे को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत कराया जाए और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागों को ई-अटेंडेंस एवं ई-ऑफिस प्रणाली का अनिवार्य रूप से उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए डिजिटल प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी नियमित रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करें तथा ई-ऑफिस के माध्यम से ही फाइलों का संचालन करें। कलेक्टर ने जिले में गर्मी में पेयजल की नियमित आपूर्ति और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण के लिए विभागवार कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्थिति में वितरण में कमी या अव्यवस्था न हो। उन्होंने लक्ष्य अनुरूप पात्र हितग्राहियों को रामलला दर्शन योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विभागों एवं योजनाओं अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर के तम्बोली, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## रोजे रखे बच्चों को समाज ने किया समानित



**गरियाबंद ( समय दर्शन )**। छत्तीसगढ़ आल मुस्लिम वेलफेयर फोन्डेशन के तत्वाधान में नगर के मुस्लिम जमात खाने में नन्हे रोजदारों के हौसला अफजाई के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें नगर सहित आस पास से बच्चे पहुंचे थे,जिन्होंने रमज़ान में रोजे रखे थे,उन्हें धमतरी में पहुंचे छत्तीसगढ़ आल मुस्लिम वेलफेयर फोन्डेशन के रायपुर संभाग के अध्यक्ष मोहम्मद असलम अशरफी के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान तथा उपहार स्वरूप पेंसिल बॉक्स दिया गया।

नगर के मुस्लिम जमात खाने में 5 अप्रैल की सुबह 11बजे को छत्तीसगढ़ आल मुस्लिम वेलफेयर फोन्डेशन की गरियाबंद कमेटी तत्वाधान में नन्हे रोजदारों सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गरियाबंद मुस्लिम जमात के सहयोग से जिसमें 11 साल से कम उम्र बच्चे जिन्होंने रमज़ान के रोजे रखे थे जो 130 से अधिक बच्चे व पालक कार्यक्रम में शामिल हुए,जो बच्चों ने रमज़ान के रोजे रखे थे उनकी हौसला अफजाई करते हुए, जिला अध्यक्ष मोहम्मद असलम अशरफी के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मुबारकबाद दी। वहीं नगर की चार वर्षीय ज़ारा फातिमा जिसने रमज़ान के चार रोज़े रखीं थी,जिनका भी सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह के बाद कमेटी द्वारा खाने का भी इंतजाम किया गया हैं।असलम अशरफी ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित मुख्य उद्देश हैं, कि बच्चों के हौसला अफजाई करना और बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ शिक्षा के महत्व को बताना हैं,वहीं पालकों को भी समझाया जाता हैं कि एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को उच्चय शिक्षा जरूर देना चाहिए। इस कार्यक्रम में जिले के आसपास से लोग अपने बच्चों को लेकर पहुंचे थे।

## असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ट्रेनिंग पूरा कर लौटी श्रद्धा कर्ष, पंचायत परिवार ने साल-श्रीफल से किया भव्य स्वागत



**बिर्रा ( समय दर्शन )**। ग्राम पंचायत बिर्रा की होनहार बेटी श्रद्धा कर्ष ने रायपुर चन्द्रखुरी पुलिस अकादमी से असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (द्धस्ढ्ढ) की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी कर गृह ग्राम लौट आई। उनके इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूरे पंचायत परिवार ने उनके घर पहुंचकर साल और श्रीफल भेंट कर हर्षोल्लास से स्वागत किया। श्रद्धा कर्ष ने बताया, हमारा परिवार बेहद गरीब है। इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं था, लेकिन कड़ी मेहनत और लगन से मैंने इसे हासिल किया। इस सफलता का पूरा श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है। स्कूल के दिनों से ही मेहनती श्रद्धा की यह उपलब्धि ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है। सरपंच पीली बाई साहू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि श्रद्धा बचपन से ही परिश्रमी रही हैं। उनकी यह सफलता पूरे गांव का गौरव बढ़ाती है। ग्रामीण स्तर पर ऐसी बेटियां हमारी शान हैं। पंच वार्ड क्रमांक 09 के सदस्य एवं निर्माण एवं विकास कार्य समिति के अध्यक्ष एकांश पटेल ने कहा की इस उपलब्धि से बिर्रा गांव का नाम रोशन हुआ है। पंचायत परिवार ने श्रद्धा को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पीली बाई साहू (सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा),एकांश पटेल (पंच वार्ड क्रमांक 09 एवं अध्यक्ष निर्माण एवं विकास कार्य समिति ग्राम पंचायत बिर्रा),छत बाई कर्ष, गोपाल कश्यप,जगदीश बंजारे,मधुराज प्रधान, बलराम कश्यप, प्रकाश देवांगन, बूंदराम यादव,राधेश्याम केशरवानी,कमला प्रसाद, बुदेश देवांगन,भोला देवांगन सहित पूरे पंचायत बॉडी उपस्थित थे।

## एनईपी 2020 पर केंद्रित प्रशिक्षण में महासमुंद जिले से चार शिक्षकों ने सीखे नए नवाचारी तरीके

### महासमुन्द के दुर्गा सिन्हा, राधेश्याम साहू, प्रेमचंद साव, भारती सोनी ने लिया भाग

**महासमुन्द( समय दर्शन )**। कक्षा सातवीं के नवीन पाठ्य पुस्तक विज्ञान जिज्ञासा पर आधारित पाँच दिवसीय सेवाकालीन आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़ रायपुर में किया गया। इस प्रशिक्षण में महासमुंद जिले से चार शिक्षक डाइट महासमुंद से व्याख्याता दुर्गा सिन्हा,शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल से प्रेमचन्द साव,सेजेस महासमुंद से भारती सोनी एवं पूर्व माध्यमिक शाला पिरदा से शिक्षक राधेश्याम साहू ने कक्षा सातवीं के जिज्ञासा विषय हेतु जिला स्रोत व्यक्ति डीआरजी के रूप में प्रशिक्षित हुए।

### रोचक तरीके से दिए विज्ञान शिक्षण की जानकारी



विद्यालयों में शिक्षण अधिगम के नए ढॉचे,तार्किक चिंतन, सृजनात्मकता,संवाद कौशल,रटने की प्रक्रिया को समाप्त करने,बच्चों को प्रयोग,चर्चा,समूह कार्य,रोल प्ले,करके सीखना,जीवन व पर्यावरण से जुड़े उदाहरण के माध्यम से सीखाने हेतु जोर दिया गया।सभी एसआरजी द्वारा विज्ञान को रोचक बनाने हेतु ब्लूम टैक्सोनॉमी व उनके 6 स्तरों,सीखने का प्रतिफल के आधार पर विज्ञान को रोचक बनाने हेतु कहानी,विज्ञान नाटिका, कविता,रोल प्ले,घरेलू वस्तुओं से प्रयोग,शैक्षणिक भ्रमण,प्रोजेक्ट, मॉडल निर्माण व समूह प्रस्तुतीकरण जैसे अनेक अनुभव आधारित तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया।इसके साथ ही साथ हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड,आकलन व मूल्यांकन के सिद्धांत,न्यूनतम अधिगम स्तर,उपचारात्मक शिक्षा,राष्ट्रीय पाठ्यचर्या,पंचमहाकोश की अवधारणा से प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया।कृति कला शिक्षण के अंतर्गत एसआरजी प्रतिभा त्रिपाठी,संगीता रनघाटी ने संगीत, नृत्यकला,नाटक,कविता पाठ, लोकनृत्य,शास्त्रीय नृत्य,भारतीय परंपरा का कथावाचन, मूकअभिनय, भारतनाट्यम,कुचिपुड़ी,दृश्य कला, रंगमंच के लक्ष्य एवं दक्षताएं, शिल्पकला,काष्ठ कला,भारतीय ज्ञान परंपरा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

महासमुन्द के शिक्षकों ने किशोरावस्था विषय पर रोल प्ले किए।डीआरजी के रूप में महासमुंद से प्रशिक्षणार्थी दुर्गा सिन्हा,भारती सोनी,प्रेमचन्द साव,राधेश्याम साहू द्वारा विज्ञान विषय को रोचक बनाने हेतु किशोरावस्था-वृद्धि एवं परिवर्तन की अवस्था पर ब्लूम टैक्सनॉमी,सीखने के प्रतिफल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर रोल प्ले किया गया,जो काफी रोचक व प्रेरणादायी रहा।

### प्रशिक्षण में 19 डाइट से कुल 76 शिक्षकों ने भाग लिया

इस प्रशिक्षण में पूरे राज्य से विज्ञान विषय पर 19 डाइट महासमुंद, रायपुर, कोरबा, धमतरी,दुर्ग,धरमजयगढ़,बेमेतरा,खैरागढ ,कबीरधाम,पेंड्रा, जांजगीर-चांपा, जशपुर, अंबिकापुर, नगरी, कांकेर, बस्तर,दंतेवाड़ा,नारायणपुर, कोरिया, बीजापुर से76शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

दीक्षांत समारोह में शामिल हो रहे छात्र भाग्यशाली हैं क्योंकि वे 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने वाली पीढ़ी का हिस्सा हैं

# भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में भारत के विदेश मंत्री हुए शामिल




**रायपुर।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर ने आज अपने नया रायपुर स्थित परिसर में अपना 15वां वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया। इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों के 552 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई, जिनमें प्रमुख एमबीए प्रोग्राम के 314, एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम के 230 और 8 डॉक्टरेट शोधार्थी शामिल थे। इस अवसर पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने दीक्षांत भाषण दिया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. एस. जयशंकर ने जोर देकर कहा कि स्नातक होने वाले इस बैच को खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए, क्योंकि यह उस पीढ़ी का हिस्सा है जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियत है। आप एक दशक की ठोस प्रगति और विकास के लाभार्थी हैं। आपको तकनीक और सूचना तक वह पहुंच प्राप्त हुई है, जिसकी कल्पना एक पीढ़ी पहले करना भी असंभव था। यही नहीं, आप वैश्वीकरण के उस युग में बड़े हुए हैं जिसने आपको शेष विश्व के साथ बहुत गहराई से जोड़ा है। आज, भारत अपनी विकास यात्रा में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है और आपका यह समूह उन लोगों में शामिल होगा जो इस प्रयास का नेतृत्व करेंगे। आपके कौशल हमारे राष्ट्र को समृद्धि की खोज में आगे ले जाने में मदद करेंगे। अपने संबोधन में डॉ. जयशंकर ने यह भी कहा कि यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि आज भारत में स्नातक होने वालों की संभावनाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक उज्वल हैं। वास्तव में, हमारे समाज में एक ऐसा आशावाद है जो दुनिया के कई अन्य हिस्सों में नहीं दिखता। अब आप पूछ सकते हैं कि ऐसा क्यों है? शायद इसलिए, क्योंकि पिछले दस वर्ष बहुत बेहतर रहे हैं, जिससे यह विश्वास पैदा हुआ है कि अगले दस वर्ष और उसके बाद का समय भी वैसा ही होगा। आखिर हम अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। कोई भी इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि हाल के कई वैश्विक झटकों ने हमारी लचीलेपन (resilience) की परीक्षा ली है और भारत उससे मजबूती से बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी दोनों चुनौतियों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है।

स्नातक होने वाले बैच को अपने प्रारंभिक संबोधन में आईआईएम रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष श्री पुनीत डालमिया ने कहा, 2026 के बैच, आप गहरे वैश्विक बदलाव के क्षण में स्नातक हो रहे हैं। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल व्यवधान, भू-राजनीतिक बदलाव और तेजी से बदलते उपभोक्ता व्यवहार वाले युग में जी रहे हैं। ऐसी दुनिया में ज्ञान महत्वपूर्ण है, लेकिन अनुकूलन क्षमता (adaptability) अनिवार्य है। रणनीति मायने रखती है, लेकिन गति उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। महत्वाकांक्षा आवश्यक है, लेकिन सत्यनिष्ठा (integrity) पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जीवन भर सीखने वाले बने रहें, ईमानदारी के साथ नेतृत्व करें और स्वयं से परे प्रभाव पैदा करें। आपका मूल्यांकन आपके पद या वेतन से नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में आपके द्वारा लाए गए बदलाव से किया जाएगा। दीक्षांत समारोह का समापन शिवांग छिकारा, शालिनी दुबे और बोबन चाको सहित अन्य मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करने के साथ हुआ। अपने द्वितीय चरण के परिसर विस्तार और ?20.93 लाख प्रति वर्ष के औसत पैकेज के साथ एक मजबूत प्लेसमेंट सीजन के साथ, आईआईएम रायपुर प्रबंधन उत्कृष्टता के लिए एक प्रमुख संस्थान और भारत के पेशेवर परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है।

# एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में 8 वर्षीय बच्ची पर दुर्लभ ट्रिपल कार्डियक प्रक्रिया सफल




**रायपुर।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 4 वर्षीय बच्ची पर एक जटिल और दुर्लभ ट्रिपल इंटरवेंशनल कार्डियक प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की है। यह छत्तीसगढ़ एवं मध्य भारत का पहला मामला माना जा रहा है। मात्र 18 किलोग्राम वजन वाली इस बच्ची की पहचान अस्पताल द्वारा आयोजित एक स्वास्थ्य शिविर के दौरान हुई थी, जिसके बाद उसे विस्तृत जांच के लिए अस्पताल लाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि बच्ची गंभीर पल्मोनरी स्टेनोसिस से पीड़ित थी, जिसमें हृदय से फेफड़ों तक रक्त ले जाने वाला वाल्व अत्यधिक संकरा हो गया था। इसके अलावा, उसे एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (स्ष्ठ) था, जो हृदय के ऊपरी कक्षों के बीच एक बड़ा छेद होता है, साथ ही जन्मजात कम्प्लीट हार्ट ब्लॉक (ष्ट।क्क) भी था, जिसके कारण हृदय की धड़कन असामान्य रूप से धीमी हो गई थी। मामले की जटिलता को देखते हुए, बच्ची के लिए चरणबद्ध तरीके से तीन महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं आवश्यक थी-बैलून वॉल्वुलोप्लास्टी द्वारा संकरे वाल्व को खोलना, स्ष्ठ का डिवाइस के माध्यम से बंद करना, और एक स्थायी पेसमेकर प्रत्यारोपण। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि डिवाइस क्लोजर के बाद पेसमेकर का लगाना, क्योंकि तार की हल्की सी भी हिलावट डिवाइस को अस्थिर कर सकती थी, जिससे गंभीर जटिलताएं या आपातकालीन सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती थी। प्रक्रिया के पहले चरण को डॉ. किंजल, सीनियर कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, ने सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने वॉल्वुलोप्लास्टी और डिवाइस क्लोजर को अत्यंत सटीकता के साथ अंजाम दिया। डॉ. किंजल ने कहा, यह एक अत्यंत जटिल और संवेदनशील मामला था, क्योंकि बच्ची की उम्र कम थी, वजन भी कम था और कई कार्डियक समस्याएं एक साथ मौजूद थीं। इस तरह के मामले में वॉल्वुलोप्लास्टी और डिवाइस क्लोजर करना बेहद सटीकता की मांग करता है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती पेसमेकर प्रत्यारोपण की योजना बनाना था, ताकि डिवाइस प्रभावित न हो। सावधानीपूर्वक योजना, समन्वय और चिकित्सकीय निर्णय के चलते हम तीनों प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूरा कर सके। अगले दिन, बच्ची का पेसमेकर प्रत्यारोपण डॉ. सुमन्ता शेखर पाढ़ी, सीनियर कंसल्टेंट एवं क्लिनिकल लीड, कार्डियोलॉजी, द्वारा किया गया।

# माओवाद के अंत के साथ बस्तर क्षेत्र में अब विकास को मिलेगी नई दिशा




**रायपुर।**। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज कोंडागांव के सुदूर अंचल स्थित ग्राम केजंग पहुंचे और क्षेत्रवासियों को लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए के 11 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क, भवन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं सड़कों, पुलों, जल संरक्षण के कार्य और सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल में आवागमन को आसान बनाना, कृषि को मजबूती देना और ग्रामीण जीवनस्तर में सुधार लाना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार आम नागरिकों के हित में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पूर्व में माओवाद से प्रभावित रहा है, किन्तु पूरा छत्तीसगढ़ माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो गया है और अब बस्तर संभाग भयमुक्त होकर विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ेगा और अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार मिलेगा। विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम पंचायत कुधूर में 1 किमी मुरमीकरण कार्य (मांझानार से साहूपारा प्रतीक घर तक) लागत 19 लाख रुपए, तरईपारा से पंडेला घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कोरमेल के पटेलपारा में सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जोडेंगा में सांस्कृतिक भवन से कमलू घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पदनार में प्राथमिक शाला भवन से समलू घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पुसपाल में नीचेपारा में कुलधर घर से सुधीर यादव घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए, ग्राम पंचायत मड़ागांव में सांस्कृतिक भवन से पीलाराम घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं। ग्राम पंचायत केजंग में घोटुल गुड़ी के पास शेड निर्माण लागत 6 लाख रुपए, ग्राम पंचायत मडानार में स्कूल मुख्य द्वार से पेदेबाई घर तक सीसी सड़क निर्माण लागत 9.60 लाख रुपए एवं प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण लागत 5 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत बेतबेड़ा में मुख्य मार्ग से ढोलमांदरी सन्नू घर तक मार्ग मुरमीकरण 15.00 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष श्री टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, कोण्डागांव एसडीएम श्री अजय उरांव, तहसीलदार श्री मनोज रावटे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन का सफाई अभियान




**रायपुरा।** ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन द्वारा गदही तालाब में चलाया जा रहा निरंतर सफाई अभियान आज दिनांक 5 अप्रैल 2026 को सफलतापूर्वक 7 सप्ताह पूर्ण कर चुका है। जिस स्थान पर पहले गंदगी, शराब की बोतलें, पाउच, पन्नी, पॉलीथिन, कंटीली झाड़ियां एवं कचरे का अंबार था, आज वही गदही तालाब क्षेत्र स्वच्छ, सुंदर और जनउपयोगी बन चुका है। यह परिवर्तन केवल सफाई नहीं, बल्कि जागरूकता और सामूहिक प्रयास की शक्ति का उदाहरण है। आज यहां महिला एवं पुरुष सुबह-शाम मॉर्निंग वॉक, इवनिंग वॉक कर रहे हैं तथा परिवार के साथ सुरक्षित वातावरण में समय बिता रहे हैं। गदही तालाब की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है, जो पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण और स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को स्मार्ट सिटी के सहयोग से पुनः प्रारंभ कराया गया है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा दोनों बढ़ी है। जोन कमिश्नर को तालाब की समस्याओं से अवगत कराया गया है तथा स्वास्थ अधिकारी को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है। आगामी रविवार को गोताखोरों की मदद से तालाब के पानी की विशेष सफाई की जाएगी, जिससे जल की गुणवत्ता और बेहतर हो सके। ग्रीन सेंट्रल कोर कमिटी द्वारा समस्त कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है। इस अभियान में सेंट्रल कोर कमिटी रायपुर, स्मार्ट सिटी टीम, डीडीयू नगर जोन एवं नगर निगम का सहयोग सराहनीय रहा है। स्थानीय पार्षद श्री महेंद्र औसर जी को भी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। महिला शक्ति, बच्चों एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। तालाब और सफाई का महत्वः गदही तालाब केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यावरण का आधार है। स्वच्छ तालाब भूजल स्तर बनाए रखते हैं, आसपास के वातावरण को शुद्ध करते हैं और जनजीवन को स्वस्थ बनाते हैं। गंदगी न केवल बीमारियों को बढ़ावा देती है, बल्कि प्राकृतिक संतुलन को भी बिगाड़ती है। इसलिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सफाई को अपनी जिम्मेदारी समझे और इसमें सहभागी बने।

न्यू शांति नगर बालको स्थित राधे कृष्ण मंदिर में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उद्योग मंत्री

# उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने सर्व यादव समाज के नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ




**रायपुर।** कोरबा - बालकोनगर के न्यू शांति नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में सर्व यादव समाज के नवीन पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में कोरबा विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, चंद्रपुर के विधायक श्री रामकुमार यादव, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत की मुख्य आतिथय में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन एवं सभी अन्य अतिथियों ने राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि एवं कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि यादव समाज आज एकजुटता की नई मिशाल पेश कर रहा है। अलग-अलग क्षेत्र के सभी यादव समाज के भाइयों एवं बहनें मिलकर समाज की उन्नति एवं प्रगति हेतु कार्य कर रहे हैं। समाज की पहचान सच्चे सरल एवं सहजता के तौर पर जानी जाती है। मंत्री श्री देवांगन ने जय यादव- जय माधव का उद्घोष करते हुए सभी नवीन पदाधिकरियों को नवीन दायित्व की शपथ दिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा यादव समाज का स्नेह और आशीर्वाद मुझे सदैव प्राप्त होता रहा है। समाज की मांग पर कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत चार स्थानों पर विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृत कराकर कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। इसमें वार्ड क्रमांक 13 स्थित रामकृष्ण मंदिर में यादव समाज की मांग पर ऊपरी तल का निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 54 जमनीपाली में सामुदायिक भवन लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 67 बलगी दशहरा मैदान में सामुदायिक भवन निर्माण लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 39 बालकों के राधा कृष्ण मंदिर में ऊपरी तल का निर्माण कार्य 10 लाख का कार्य पूर्णता की ओर है, आप सभी की उपस्थिति में बहुत जल्द कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री रमेश यदु, संरक्षक कमलेश यादव, अनूप यादव नाथू यादव केदार यादव हीरालाल यादव, राम रतन यादव, चंद्रमणि यादव, सुखीराम यादव, कमल नारायण यादव, शिवलाल यादव, रामायण यादव, सतीश यादव, विनोद यादव, सत्यनारायण यादव, सुखीराम यादव, शिवलाल यादव, रामायण यादव, सतीश यादव विनोद यादव, श्री रमेश यादव, श्री शारदा यादव, श्री अजय यादव, श्री पुरुषोत्तम यादव , बुधवार यादव, भोजपुर जिला उपाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद श्री मंगल बंदे, अनिल यादव, उत्तम देवांगन सहित अधिक संख्या में समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ के बारिश और आंधी से बदलेगा मौसम, गर्मी से मिली राहत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में झुलसाती गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। बीती रात राजधानी समेत कई जिलों में हुई बारिश ने लोगों को राहत दी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट, गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है, जिससे गर्मी से जूझ रहे लोगों को और राहत मिल सकती है।

**बारिश से मिली राहत, कई इलाकों में दर्ज हुई वर्षा-** पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। नांगुर में 3 सेमी और जगदलपुर में 1 सेमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुली, जिससे लोगों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस की।

**तापमान में अभी स्थिरता, फिर आएगी गिरावट-** मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। आने वाले 24 घंटों में भी तापमान लगभग स्थिर रहेगा, लेकिन इसके बाद अगले दो दिनों में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में रहा।

**सिनोप्टिक सिस्टम बना बदलाव की वजह-** मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, प्रदेश के ऊपर 0.9 किमी ऊंचाई पर एक ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके साथ ही दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में 1.5 से 3.1 किमी के बीच एक और चक्रवाती सिस्टम बना हुआ है। यही सिस्टम मौसम में बदलाव का प्रमुख कारण बन रहा है।

### रासायनिक उर्वरकों की संभावित कमी को ध्यान में रखते हुए हरित खाद, नीली-हरी शैवाल और जैव उर्वरक के विकल्प का प्लान

**रायपुर।** कृषि विवि में राज्य के 150+ कृषि अधिकारियों को मिला विशेष प्रशिक्षणः शहला निगार ने हरित खाद, नीली-हरी शैवाल और जैव उर्वरकों के उत्पादन और उपयोग पर दिया जोर, खरीफ सीजन से पहले किसानों तक तकनीक पहुंचाने के निर्देश रायपुर। राज्य में सतत और पर्यावरण-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कृषि अधिकारियों और वैज्ञानिकों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों के विकल्पों के प्रति जागरूक करना और आगामी खरीफसीजन से पहले उन्हें इन आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों से परिचित कराना था। कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों की संभावित कमी को ध्यान में रखते हुए हरित खाद, नीली-हरी शैवाल और जैव उर्वरक जैसे विकल्प फसलों की पोषक आवश्यकताओं का लगभग 50 प्रतिशत तक पूरा कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन तकनीकों का उत्पादन और उनका प्रभावी उपयोग दो से तीन महीनों के भीतर गांव-गांव तक पहुंचाया जाए, ताकि किसानों को खरीफ फसलों के लिए तैयार किया जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आए 150 से अधिक कृषि अधिकारी, वैज्ञानिक और कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उर्वरकों की आपूर्ति में अनिश्चितताएँ बढ़ रही हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया और विशेषकर ईरान में जारी संघर्ष के कारण पेट्रोलियम उत्पादों और उर्वरक निर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल के आयात पर संभावित असर हो सकता है। इन परिस्थितियों में छत्तीसगढ़ सरकार ने वैकल्पिक पोषक स्रोतों को बढ़ावा देने की पहल को तेज कर दिया है, ताकि राज्य में टिकाऊ और आत्मनिर्भर कृषि सुनिश्चित हो सके।

### छत्तीसगढ़ में 7 अप्रैल को 'चावल उत्सव', एक साथ मिलेगा तीन महीने का राशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 7 अप्रैल का 'चावल उत्सव' मनाया जाएगा. इस दौरान हितग्राहियों को तीन माह अप्रैल, मई और जून का चावल वितरण किया जाना है. इसके लिए भंडारण किया जा रहा है, लेकिन पिछली बार दो माह का एकमुश्त चावल देने की घोषणा की गई थी। जो पूरी नहीं हो पाई, इधर तीन माह का चावल एकमुश्त देने की बात कर रही है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मार्च माह में ही प्रदेश के लगभग 7 लाख हितग्राहियों को राशन नहीं मिल पाया था. वहीं छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के मुख्यालय, नवा रायपुर में निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने चावल उपार्जन, भंडारण के लिए बैठक आयोजित की। इसमें प्रमुख अधिकारियों एवं प्रदेश के समस्त जिला प्रबंधकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली गई। इसमें शासन द्वारा प्रदेश के हितग्राहियों को तीन माह का अनाज एकमुश्त दिए जाने के निर्देश जारी किए। साथ ही कहा कि वितरण के पूर्व प्रदेश के समस्त उचित मूल्य की दुकानों में चावल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का दायित्व निगम के जिला प्रबंधकों की है। चावल भंडारण में किसी भी प्रकार की व्यावहारिक दिक्कत या परिवहन समस्या, लेबर की कमी हो तो निगम मुख्यालय के उच्चाधिकारियों को अवगत करावें और स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं का तत्काल हल कराने के लिए जिलों के कलेक्टर से निरंतर संपर्क रखकर समय सीमा में भंडारण कार्य पूर्ण कराने कहा गया है। खाद्य विभाग ने सभी उचित मूल्य दुकानों को 31 मार्च तक पर्याप्त मात्रा में चावल का स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि 30 अप्रैल तक सभी पात्र हितग्राहियों को राशन उपलब्ध हो जाए। राशन वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए अप्रैल में 'चावल उत्सव' आयोजित किया जाएगा। इस दौरान खाद्य, राजस्व और सहकारिता विभाग के अधिकारी निगरानी रखेंगे। यदि कहीं भी गड़बड़ी, हेराफेरी या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### चाकू लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई

**रायपुर।** रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के उत्तर ज़ोन में अपराधियों के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई के तहत पंडरी थाना पुलिस ने एक युवक को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध रूप से चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दलदल सिवनी स्थित वृंदावन गार्डन के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया।

**गिरफ्तार आरोपी की पहचान—**

सन्नी यादव (21 वर्ष), निवासी जगन्नाथ पारा, पंडरी, रायपुर के रूप में हुई है।

आरोपी के खिलाफ थाना पंडरी में अपराध क्रमांक 79/2026 के तहत धारा 25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। रायपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों पर इसी तरह लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## संपादकीय

### गिरफ्तारी का मामला गंभीर

गिरफ्तार लोगों में सबसे संदिग्ध भूमिका अमेरिकी नागरिक मैथ्यू आरोन वैन डाइक की है। वह पहले लीबिया और सीरिया के सशस्त्र संघर्षों में शामिल रह चुका है। वह म्यांमार स्थित विद्रोहियों को ड्रोन युद्धकला सिखाने में लगा हुआ था। छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक की गिरफ्तारी का मामला गंभीर है। यूक्रेन सरकार ने इन गिरफ्तारियों पर विरोध जता कर इसे रहस्यमय भी बना दिया है। इन लोगों की गिरफ्तारी बागी संगठनों की मदद करने और अवैध हथियार उपलब्ध कराने के आरोप में हुई है। ऐसे में बिना पूरा सच सामने आए यूक्रेन सरकार उनके पक्ष में क्यों खड़ी हो गई? आरोप है कि इन लोगों ने यूरोप से ड्रोन की भारी खेप मंगा कर उसे म्यांमार के सशस्त्र विद्रोही संगठनों को उपलब्ध कराया। ये लोग भारत आकर बिना परमिट हासिल किए मिजोरम चले गए। वहां से सीमा पार कर म्यांमार गए। वहां से लौटने पर भारत की जांच एजेंसी एनआईए ने उन्हें गिरफ्तार किया। एनआईए के अनुसार म्यांमार के जिन गुटों की मदद ये आरोपी कर रहे थे, उनके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के विद्रोही संगठनों से हथियारों के आदान-प्रदान एवं प्रशिक्षण में सहयोग के संबंध हैं। ये जग-जाहिर है कि म्यांमार के गृह युद्ध में बाहरी शक्तियों का हाथ भी है। उस संघर्ष के कारण बड़ी संख्या में शरणार्थी भारत आए हैं। बल्कि आरोप है कि वहां से संबंधित उग्रवादियों ने मणिपुर और मिज़ोरम में अपने ठिकाने बना लिए हैं। नई दिल्ली की अदालत में पेशी के दौरान एनआईए ने कहा कि गिरफ्तार लोग भाड़े के सैनिक की भूमिका निभा रहे थे। उनकी गतिविधियां भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनी हैं। एजेंसी ने उन लोगों पर गैर-कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार लोगों में सबसे संदिग्ध भूमिका अमेरिकी नागरिक मैथ्यू आरोन वैन डाइक की बताई गई है। वह पहले लीबिया और सीरिया के सशस्त्र संघर्षों में शामिल रहा है, जहां बाहरी मदद से शासकों को हटाया गया था। एनआईए का आरोप है कि वह अपने युद्ध अनुभव का उपयोग म्यांमार स्थित विद्रोहियों को ड्रोन युद्धकला सिखाने में कर रहा था। तो कुल मिलाकर ये गिरफ्तारियां उत्तर-पूर्व में विदेशी हस्तक्षेप की चिंताजनक स्थितियों की ओर इशारा करती हैं। अपेक्षित है कि इस मामले की पूरी जांच हो और इसे अंजाम तक पहुंचाया जाए। इस बीच यूक्रेन के विरोध को नजरअंदाज कर दिया जाना चाहिए।

### बड़ा पद, बड़ा भ्रष्टाचार हो तो बड़ी सजा होनी ही चाहिए

**सुनील दास**

राजनीति में प्रशासन में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी व गंभीर समस्या है। इस समस्या का समाधान कोई सरकार निकाल नहीं पाती है क्योंकि भ्रष्टाचार अब व्यक्तिगत से सामूहिक हो चला है। इससे एक तो लंबे समय तक भ्रष्टाचार का पता नहीं चल पाता है क्योंकि सभी मिलकर भ्रष्टाचार करते हैं तो भ्रष्टाचार शिष्टाचार हो जाता है क्योंकि कोई भ्रष्टाचार के बारे में किसी को कुछ बताता नहीं है, किसी को बताएगा तो खुद भी भ्रष्टाचार के मामले में सजा पाएगा। जब व्यक्तिगत तौर पर भ्रष्टाचार होता है तो उसे जानने व बताने वाले भी बहुत होते हैं।जैसे कोई घूस लेता है तो घूस लेने वाला घूस को छिपा नहीं सकता है क्योंकि जिसने घूस दिया है वह तो जानता है कि कौन काम के लिए घूस लेता है।लेकिन जब सरकारी पैसों का भ्रष्टाचार होता है तो सब मिलकर सरकारी पैसे का भ्रष्टाचार करते हैं तो सबको पैसा मिलता है इसलिए जानने वाले चुप रहते हैं और कोई बताने वाला होता नहीं है। सरकार किसी भी राजनीतिक दल की हो वह खुद को भ्रष्टाचार विरोधी तो बताती है लेकिन उसके शासन में हर तरह का भ्रष्टाचार होता रहता है।घूसखोर कर्मचारियों व अधिकारियों को तो शिकायत पर पकड़ा जाता है लेकिन जिन अफसरों की शिकायत नहीं होती है, वह सरकारी पैसों का भ्रष्टाचार करते हुए अपने पद पर बने रहते हैं। शिकायत होती भी है तो ऊपर तक सेटिंग रहने पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। हर सरकार में ऊपर से नीचे तक सरकारी पैसों का जो भ्रष्टाचार किया जाता है, उसका पूरी ईमानदारी से बंटवारा होता है। पिछली सरकार में हुआ शराब घोटाला हो या सट्टा घोटाला हो,कोल घोटाला हो,सब सरकारी पैसों का ही तो भ्रष्टाचार था।करने वालों में ऊपर से नीचे तक लोग शामिल थे क्योंकि यह सामूहिक भ्रष्टाचार था। इसका पता अक्सर सरकार बदलने के बाद चलता है और यही हुआ है। सरकार बदली तो पता चल रहा है कि ऊपर से नीचे तक सब भ्रष्टाचार में लिप्त थे। माना जाता है ऐसा तब ही होता है जब सरकार ही अपने लोगों के जरिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली होती है। सामूहिक भ्रष्टाचार में सब समान अपराध करते हैं।सरकारी पैसों का भ्रष्टाचार करते हैं।सामूहिक भ्रष्टाचार में करोड़ो रुपए मिलते हैं, इतना पैसा मिल जाता है कि जिंदगी भर कमाने की जरूरत न रहे इसलिए ऐसे लोग नौकरी की परवाह नहीं करते मौका मिले तो एकमुश्त पैसा कमा लेना चाहते हैं।ऐसे लोगों को सजा कम मिलती है या इतनी देर से मिलती है कि उसका कोई मतलब नहीं रह जाता है। इसे रोकने के लिए सरकार को भी सुप्रीम कोर्ट की तरह सोचना चाहिए और जिस पद पर रहकर अपराध किया है उस पद के हिसाब से उसको सजा भी ज्यादा मिलनी चाहिए।अगर वह छोटे पद पर है तो कम सजा मिलनी चाहिए और बड़े पद पर है तो उसे बड़ी सजा मिलनी चाहिए।सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि पद जितना ऊंचा,जवाबदेही उतनी ही अधिक,गबन जैसे मामले में उसको सहकर्मियों जैसी हल्की सजा नहीं दी जा सकती क्योंकि पद के हिसाब से सजा बदल सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को दरकिनार करते हुए पंजाब व सिंध बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक की सेवा से बर्खास्तगी को सही ठहराया है।मामले के मुताबिक वरिष्ठ प्रबंधक ने अपने अधीनस्थ बैंक अधिकारी और एक गनमैन के साथ मिलकर ग्राहकों के पैसे का गबन किया और बैंक रिकार्ड में हेरफेर की। जांच में यह आरोप सही पाया गया। इस पर बैंक ने वरिष्ठ प्रबंधक को सेवा से बर्खास्त कर दिया।जबकि सहआरोपियों के वेतन में कटौती व अनिवार्य सेवनिवृत्ति जैसी हल्की सजा दी।इस पर बैंक प्रबंधक हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने इसे भेदभाव मानते हुए प्रबंधक की सजा को बर्खास्तगी से बदलकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति कर दी।मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सुप्रीम कोर्ट ने भेदभाव के तर्क को खारिज करते हुए कहा कि समानता का सिध्दांत हर स्थिति में लागू नहीं होता।

# वैश्विक संकट के दौर में वैश्विक पर्यटन उद्योग

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट के रुप में दुनिया का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक मोटे अनुमान के अनुसार 152 करोड़ पर्यटकों से गुलजार रहने वाला वैश्विक पर्यटन उद्योग के वैश्विक हालातों के चलते वर्तमान हालातों में मंदी से भी अतिमंदी के दौर से गुजरने की संभावना से नहीं नकारा जा सकता। वैसे तो सभी देशों में पर्यटन उद्योग पर विपरीत असर पड़ने जा रहा है पर सबसे अधिक असर मध्यपूर्व के देशों में देखा जा सकता है। जानकारों के अनुसार अकेले मध्यपूर्व को ही 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान भुगतना पड़ सकता है। दुनिया में सबसे अधिक पर्यटक फ्रांस की धरती पर जाते है और माना जाता है कि 9 से 10 करोड़ पर्यटक तो फ्रांस का रुख करते हैं। जहां तक भारत का प्रश्न है हमारे यहां भी लगभग 2 करोड़ विदेशी पर्यटक देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रुख करते हैं। पर युद्ध के वैश्विक हालातों के चलते विश्व के अन्य देशों की तरह से भारत के भी विदेशी पर्यटकों की आवाही पर विपरीत प्रभाव पड़ना ही है। एक सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत और दुनिया के देशों में देशी पर्यटकों की संख्या में उछाल के चलते इस उद्योग को संजीवनी अवश्य मिलती लगती है।

वर्तमान दौर में दुनिया के चौधरी बने देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अब वह जमाना गया जब हफ्ते दो हफ्ते में युद्ध का फैसला हो जाया करता था। आज छोटा से छोटा देश भी युद्ध को लंबा खींचने की कुब्बत रखता है। इसे हम रुस यूक्रेन युद्ध से अच्छी तरह से समझ सकते हैं। अमेरिका ने भी जब ईरान पर आक्रमण किया तो ट्रंप का कायास यही था कि दो चार दिन में ईरान के घुटने टिकवा देंगे पर ट्रंप और



नेतन्याहू के सारे कयास धरे के धरे रह गए और इनके चक्कर में दुनिया अस्थिरता और वैश्विक संकट में और आ गई। आज हालात यह हो गए हैं कि युद्ध तो आप शुरु कर सकते हो पर युद्ध शुरु होने के बाद कब बंद होगा यह आपके हाथ में नहीं रहेगा। युद्ध के चलते अब हालात ऐसे हो गए है कि चाह कर भी पर्यटक घूमने का रुख नहीं कर पा रहे हैं। केवल और केवल ट्रंप के दादागिरी पूर्ण रवैये के चलते दुनिया की देशों की जीडीपी में करीब 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी निभाने वाला पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। होटल और ट्रेवल उद्योग से जुड़ी एजेंसियां के सामने बड़ा संकट आ गया है तो दुनिया के देशों और संस्कृतियों से जुड़ने और समझ कर एक दूसरे के नजदीक आने की जो पहल पर्यटन उद्योग के चलते हुई थी उस पर लगभग विराम के से हालात होते जा रहे हैं। 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का पर्यटन उद्योग आज संकट के दौर में आ गया है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है और वह लगातार दूसरे साल गंभीर संकट के दौर में आ गई है। जैसे तैसे पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हजार डॉलर प्रतिदिन के लग्जरी कमरों की कीमत घटकर 300 डॉलर तक कर देने के बाद भी पर्यटक रुख नहीं कर रहे हैं। हालात विकट से विकटतर होते जा रहे हैं।

दरअसल वैश्विक हालातों के चलते एक और उड़ाने रद्द होती जा रही है तो युद्ध के चलते लोगों में असुरक्षा की भावना होती जा रही है। पता नहीं कब कहां क्या हो जाए और कहीं जाएं वहीं पर बंद होकर के रह जाएं। इस तरह की आशंकाओं से भी दो चार हो रहे हैं। मध्यपूर्व के देशों में तो लगभग यही हालात है। कब किस देश और किस स्थान पर मिसाइल अटैक हो जाएं कहा नहीं जा सकता। क्योंकि अमेरिका-इजरायल व ईरान युद्ध की खास नकारात्मक बात यह है कि इन दो देशों पर मिसाइल अटैक नहीं हो रहे बल्कि इनसे थोड़ी सी भी सहानुभूति रखने वाले देष कब निशाने पर आ जाएं कहा नहीं जा सकता। मध्यपूर्व में मिसाइल अटैक और हार्मुज जलडमरुमध्य के हालात इसके उदाहरण है। हालात तो यहां तक खराब होने की संभावना से इंकार नहीं करते कि मध्यपूर्व के देषों में तो पानी का गंभीर संकट तो हो सकता है। आज कच्चा तेल, एलपीजी की ही समस्या नहीं अपितु दुनिया को जोड़ने वाले इंटरनेट के बाधित होने की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। लगता है एक दूसरे के अहम् के चलते आमआदमी कहीं हाशिये में चला गया है। युद्ध के सामान्य नियम भी ताक में रख दिए गए हैं और आमनागरिकों, बच्चों, अस्पतालों, घनी आबादी इलाकों में भी मिसाइल दागने से कोई परहेज नहीं रह गया है।

कोरोना के दौरान जिस तरह से पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ था आज उसी तरह के हालात बनते दिख रहे हैं। कोरोना के बाद पिछले सालों में पर्यटन उद्योग ने तेजी पकड़ी थी और लगने लगा था कि 2030 तक पर्यटन उद्योग को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा पर अब हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और लगता नहीं है कि आने वाले दिनों में कोई सुधार दिखाई देगा। हांलाकि एक सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत सहित विश्व के देशों में देशी पर्यटन को अवष्य बढावा मिलने लगा है। लोग अपने ही देश में आसपास के स्थानों को एक्सप्लोर करने लगे हैं। खैर वर्तमान हालात पर्यटन उद्योग के लिए बेहद चुनौती भरे हो गए हैं और सामान्य हालात होने के अभी तो दूर दूर तक आसार ही नहीं दिख रहे हैं।

# जनजातीय खेल प्रतिभा: हमारा राष्ट्रीय गौरव

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

मैंने देखा है कि ग्रामीण क्षेत्रों और वनांचलों में, बच्चे घर के बाहर प्रकृति के सानिध्य में अधिक समय बिताते हैं। वे खेल-कूद के सहज तरीके खोज लेते हैं। वे मिट्टी में लकीरें खींचकर और आकृतियां बनाकर, खेलने की जगह तैयार कर लेते हैं। वे फलों के सूखे बीजों का खेल की गोटियों की तरह इस्तेमाल कर लेते हैं। सूखे पत्तों, पेड़ों की जड़ों और फटे-पुराने कपड़ों से गेंद बना लेते हैं। बांस का उपयोग करके हॉकी और फुटबाल के गोल-पोस्ट बना लेते हैं। इस प्रकार, अनेक प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करके, वे अपने खेल-संसार की रचना कर लेते हैं। बहुत से बच्चे बिना जूते और जर्सी के पूरे जोश से खेलते रहते हैं। पोखरों-तालाबों में बच्चे खूब तैरते रहते हैं। तैराकी की इस सहज प्रतिभा को अब उपलब्ध प्रशिक्षण और संसाधनों की सहायता से विकसित करके, केवल 15 वर्ष की, जाजपुर की बेटी अंजलि मुंडा ने प्रथम 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026' में पहले ही दिन तीन स्वर्ण-पदक जीत कर पूरे देश के युवाओं को प्रेरित किया।

तीरंदाजी के प्रति जनजातीय लोगों में सहज तरंग सी होती है। संताल-समुदाय ने वर्ष 1855 में शोषण के विरुद्ध एक घनघोर संग्राम किया था जो 'संताल हूल' के नाम से अमर है। आधुनिक हथियारों से लैस ब्रिटिश सेनाओं ने उस क्रान्ति को दबा तो दिया लेकिन अपने विवरणों में अंग्रेजों ने संताल वीरों के युद्ध कौशल, खासकर तीरंदाजी का विशेष उल्लेख किया है। संताल-हूल का नेतृत्व करने वाले बहादुर भाइयों सिद्धो-कान्हू तथा चांद-भैरव एवं वीरांगना बहनों, फूलो-झानो की प्रतिमाओं का झारखंड में उनके गांव उरी-मारी में जाकर अनावरण करने का सौभाग्य मुझे तब मिला था जब मैं राज्यपाल थी। तीरंदाजी में एकलव्य की महानता से देश का बच्चा-बच्चा परिचित है। वे श्रेष्ठतम धनुर्धर के रूप में सम्मानित हैं। एकलव्य, सभी देशवासियों के लिए, विशेषकर जनजातीय समाज के लिए एक प्रेरक विभूति हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में स्थापित 'खेल उत्कृष्टता केंद्र' बच्चों को खेल-कूद की आधुनिक सुविधाओं और पद्धतियों से सक्षम बना रहे हैं। इसी प्रकार स्कूल-व्यवस्था के साथ-साथ अन्यत्र विद्यमान खेल-प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

मेरे व्यक्तिगत प्रयासों से, मेरे गांव में वंचित वर्गों के बच्चों के लिए एक आवासीय स्कूल की स्थापना की गई है। इस विनम्र प्रयास के तहत स्कूल के परिसर में ही तीरंदाजी के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी कराई गई है। सरकार के प्रयासों के साथ-साथ छोटे-छोटे व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास भी जनजातीय बच्चों में निहित खेल-प्रतिभाओं को निखारने में सहायक होंगे।

मेरे गांव के अन्य जनजातीय बच्चों की तरह, मुझमें भी तैराकी सहित, व्यायाम और खेलों के प्रति बहुत रुझान था। मैं स्कूल की खेल प्रतियोगिताओं में प्राय: प्रथम स्थान पर रहती थी। एक प्रतियोगिता में जानबूझकर मैंने अपने को इसलिए पीछे रखा ताकि मेरी एक सहेली को प्रथम पुरस्कार का आनंद मिल सके। खेल-कूद से टीम भावना विकसित होती है तथा सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं। मैदान पर कड़ी प्रतिस्पर्धा और मैदान के बाहर गहरी मित्रता, खिलाड़ियों में प्राय: देखने को मिलती है।

मेरे भाई फुटबाल के बहुत अच्छे खिलाड़ी रहे हैं जो गंभीर चोट लगने के कारण आगे नहीं खेल सके। मेरे परिवार के कुछ अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। इस निजी विवरण से मैं यह बताना चाहती हूं कि जनजातीय परिवारों में खेल-कूद की जीवन्त परंपरा विद्यमान है। उनमें खेलों के लिए असीम प्रतिभा है, ऊर्जा है, रुचि है और आगे बढ़ने का हौसला भी है। सुविधाओं और प्रशिक्षण के द्वारा ऐसी प्रतिभाओं को निखारने से, खेल-कूद उनके लिए केवल मनोरंजन और सामाजिक मेल-जोल का जरिया न होकर जीवन में आगे बढ़ने का, आर्थिक आत्म-निर्भरता और सामाजिक सम्मान प्राप्त करने का माध्यम बन सकता है। इस संदर्भ में वर्ष 2018 से केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों तथा खेल- संस्थानों के साथ मिलकर चलाए जा रहे 'खेलो इंडिया' अभियान द्वारा अच्छा बदलाव आया है।

कुछ वर्षों पहले तक हमारे देश में खेल-कूद की अच्छी सुविधाएं केवल महानगरों तक सीमित थीं जबकि ग्रामांचलों और वनांचलों में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी रहते हैं। जनजातीय क्षेत्रों में खेल-अकादमी और प्रशिक्षण सुविधाएं सुलभ नहीं होती थीं। अब एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में बच्चों के खेल-कूद पर विशेष ध्यान देने से लेकर %खेलो इंडिया जनजातीय खेल% जैसे प्रयत्नों के बल पर जनजातीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिल रहा है।

मुझे याद है कि मेरे विद्यार्थी जीवन के दौरान ग्रामीण स्तर पर, पांच-छह गांवों के लोग मिलकर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किया करते थे। कुछ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संस्थाएं भी जनजातीय क्षेत्रों में खेल-कूद को बढ़ावा देती रही हैं।

# बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल

**ललित गर्ग**

बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है।




यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है- दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता- ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा।

चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलत: मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के रियायती जमीन पर बने अस्पतालों को नोटिस जारी करना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने जैसा है। जब अस्पताल रियायती जमीन लेते समय गरीबों के इलाज का वायदा करते हैं, तो वह केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि लाभ तो निजी अस्पताल उठा रहे हैं और दायित्व निभाने से बच रहे हैं। यही स्थिति बीमा क्षेत्र में भी दिखाई देती है, जहां पॉलिसी बेचते समय बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं, लेकिन क्लेम के समय छोटी-छोटी तकनीकी वजहों से दावे खारिज कर दिए जाते हैं। आम आदमी सालों तक प्रीमियम भरता रहता है, लेकिन जरूरत के समय उसे राहत नहीं मिलती। इस स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता एक सकारात्मक संकेत है। जिस प्रकार अदालत ने अस्पतालों से जवाब मांगा है, उसी प्रकार बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सख्त निगरानी और स्पष्ट नियम बनने चाहिए, ताकि बीमा वास्तव में सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल। सरकारों की जिम्मेदारी केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके क्रियान्वयन की सख्त निगरानी भी होनी चाहिए। यदि रियायती जमीन लेने वाले अस्पताल गरीबों का मुफ्त इलाज नहीं करते तो उनसे जमीन का बाजार मूल्य वसूला जाना चाहिए या उनकी मान्यता पर पुनर्विचार होना चाहिए। इसी तरह बीमा कंपनियों को भी क्लेम प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनानी चाहिए। स्वास्थ्य और बीमा दोनों ही आम आदमी की जीवन सुरक्षा से जुड़े विषय हैं, इसलिए इनमें मुनाफाखोरी की मानसिकता पर नियंत्रण आवश्यक है। यदि सरकार, न्यायपालिका और नियामक संस्थाएं मिलकर सख्ती और पारदर्शिता सुनिश्चित करें, तो चिकित्सा और बीमा दोनों क्षेत्रों में आमजन का विश्वास फिर से स्थापित हो सकता है। अन्यथा सेवा के ये क्षेत्र केवल व्यवसाय बनकर रह जाएंगे और गरीब आदमी इलाज और बीमा दोनों के बीच पिसता रहेगा।

# पीएम-आशा योजना के तहत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी शुरू, कलेक्टर एवं अध्यक्ष ने खरीदी का किया शुभारंभ

दुर्ग (समय दर्शन)। जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन और तिलहन की खरीदी शुरू कर दी गई है। विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चना, सरसों एवं अरहर की खरीदी का शुभारंभ आज विकासखंड धमधा के सेवा सहकारी समिति घोंटा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने भगवान बलराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। शुभारंभ के दौरान किसानों द्वारा लाए गए चना की तौल मशीन में तौल कर खरीदी प्रक्रिया की विधिवत शुरुआत की गई। शुभारंभ अवसर पर 12 किसानों से 336 क्विंटल चना और एक किसान से 10 क्विंटल



अरहर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण (पीएम-आशा) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को इसका पूरा लाभ सही तरीके से मिलना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी एक बड़े अभियान के रूप में सफलतापूर्वक संचालित की गई है और अब अन्य फसलों को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर शामिल करने की मंशा भारत सरकार की है। इसी उद्देश्य के तहत पीएम-आशा योजना की शुरुआत की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की मंशा है कि धान के अलावा अन्य फसलों को भी बढ़ावा दिया जाए। लगातार एक ही फसल उगाने से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है और पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है और बीमारियों का खतरा भी कम होता है। धान की खेती में पानी की खपत अधिक होती है। उन्होंने किसानों से चना, दलहन जैसी कम पानी वाली फसलों की खेती करने की सलाह दी। उन्होंने कहा जल है तो कल है यदि अभी पानी बचाएंगे तो हमारे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू ने कहा कि धान खरीदी छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना रही है, जिसे सरकार ने अपने वादे के अनुरूप सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। किसानों की आमदनी में और वृद्धि हो, इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण (पीएम-आशा) योजना लागू की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### आवासीय विद्यालय में निःशुल्क अध्ययन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 अप्रैल



दुर्ग (समय दर्शन)। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, नयी सोच के साथ बेहतर कॅरियर चयन का अवसर प्रदान करते हुए प्रतिस्पर्धी बनाना तथा बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्रदान करना है। इस योजना अंतर्गत विद्यार्थी को कक्षा 6वीं से 12वीं तक छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय में अध्ययन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। चयनित उत्कृष्ट विद्यालय को विभाग द्वारा निर्धारित मान्य शुल्क की प्रतिपूर्ति किया जाएगा। समस्त प्रस्ताव रूचि की अभिव्यक्ति के प्रारूप में कलेक्ट्रेट जिला दुर्ग, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय (कमरा नं. 25) में जमा करना होगा। सहायक आयुक्त अदिवासी विकास दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रस्ताव को जिला कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि-23 अप्रैल 2026 अपरान्ह 5.00 बजे तक योजना अंतर्गत संस्थाओं के लिए मापदण्ड एवं विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से अवलोकन कर प्राप्त कर सकते है।

### कोंडागांव : सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अब 10 अप्रैल तक

कोंडागांव (समय दर्शन)। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जो 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2025 तक थी अब उसकी अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 तक बढ़ा दी गई है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत अग्निवीर केटेगिरी (अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक /स्टोरकीपर, ट्रैडमैन (दसवी), ट्रैडमैन (आठवी), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर (नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार सेना शिक्षा तथा धर्म शिक्षक) के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार वेबसाइट पर उपलब्ध विभिन्न पदों की अर्हता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी और समस्या के लिये कार्यालयीन समय में सेना भर्ती सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212/0771-2965214 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने Q1 (जनवरी-मार्च) 2026 में अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज

स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2026 में भी अपनी मजबूत विकास गति को जारी रखते हुए क्ता (जनवरी-मार्च) में 20,028 यूनिट्स की बिक्री के साथ अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज की है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में बेची गई 17,138 कारों की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2025 के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी विकास गति को बनाए रखा है और लगातार नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है, जिससे भारतीय बाजार में इसकी पकड़ और मजबूत हो रही है। स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रदर्शन को स्कोडा काइलैक की मजबूत और लगातार मांग ने प्रमुख रूप से आगे बढ़ाया है, जिसने हाल ही में 50,000 बिक्री का आंकड़ा पार किया है। इसके साथ ही नए स्कोडा कुशाक की शुरुआत, स्कोडा स्लाविया का स्थिर योगदान, और प्रीमियम SUV सेगमेंट में स्कोडा कोडिएक की निरंतर मांग ने भी इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, आशीष गुप्ता, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा, 2026 में अपनी अब तक की सबसे बड़ी तिमाही के साथ विकास की इस तेज़ रफ्तार को जारी रखना पिछले एक वर्ष में बनाए गए हमारे मजबूत आधार का प्रमाण है। 2025 में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करने के बाद, यह देखना उत्साहजनक है कि हम इस गति को बनाए रखते हुए लगातार नए मानक भी स्थापित कर रहे हैं। यह वृद्धि हमारे मजबूत और अधिक सुलभ प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, व्यापक बाज़ार पहुंच और ग्राहक-केंद्रित पहलों पर बढ़ते फोकस का परिणाम है। स्कोडा काइलैक लगातार नए ग्राहकों और नए क्षेत्रों तक ब्रांड की पहुंच बढ़ा रही है, वहीं हाल ही में लॉन्च की गई स्कोडा कुशाक ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इसके साथ ही स्कोडा स्लाविया और स्कोडा कोडिएक अपने-अपने सेगमेंट में स्थिर मांग बनाए हुए हैं।

## दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 54.50 लाख रूपए स्वीकृत

दुर्ग(समय दर्शन)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए कुल 54 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री ललित चन्द्राकर द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा।



जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसमें ग्राम धनोरा में शीतला मंदिर के पास सार्वजनिक कला मंच निर्माण हेतु 3.50 लाख रूपए तथा निशांत मेश्राम के घर से रोहित कुमार के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 6.00 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम कुथरेल में सार्वजनिक सामुदायिक भवन के पास बाउंड्रीवाल एवं पेवर ब्लॉक हेतु 4.00 लाख रूपए तथा किचन शेड निर्माण हेतु 4.00 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार, ग्राम महमरा में वार्ड-01 नदीपारा के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 9.00 लाख रूपए तथा ग्राम भरदा (कुर्मी पारा) में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 12.00 लाख रूपए मंजूर किए गए हैं। ग्राम रसमड़ा में वार्ड-09 साहू पारा के पास सार्वजनिक शौचालय हेतु 1.50 लाख रूपए, प्राचीन जय माँ झांपी डोंगरी मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय हेतु 1.50 लाख रूपए तथा पंचायत भवन मरम्मत कार्य के लिए 4.00 लाख रूपए स्वीकृत हुए हैं। साथ ही, ग्राम आलबरस में पंचायत भवन के पास डोम शेड निर्माण कार्य हेतु 9.00 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का ग्राम पंचायतों में होगा आयोजन




### 07 अप्रैल 2026 को जिले भर में आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम

कोंडागांव (समय दर्शन)। शासन के निर्देशानुसार आगामी 07 अप्रैल 2026 को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित अन्य योजनाओं के लंबित कार्यों का त्वरित निराकरण तथा हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करना है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए 90 दिवस के भीतर पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही हितग्राहियों को स्वीकृत राशि की जानकारी उपलब्ध कराते हुए उनकी समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित किया जाएगा। आयोजन में स्व-सहायता समूह की दीदियों को सामग्री आपूर्ति एवं आजीविका गतिविधियों से जोड़ने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए हितग्राहियों को प्रेरित करने, लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को पूर्ण करने तथा ग्राम स्तरीय शिकायतों के त्वरित निराकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु मांग आधारित कार्य स्वीकृति दी जाएगी।

## उत्तर बस्तर कांकेर : ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था बनाए रखने कंट्रोल रूम गठित, टोल फ्री नंबर जारी



उत्तर बस्तर कांकेर (समय दर्शन)। ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किया गया है, इसके साथ ही जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

जिले के किसी भी ग्राम में पेयजल की समस्या होने अथवा ग्राम में हैण्डपंप खराब व बंद होने की शिकायत होने पर टोल फ्री नंबर 1916 अथवा 1800-2330008 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर जयंत कुमार टिकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, उनका मोबाइल नंबर +91-78049-74088 है, उक्त नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार उप खंड कांकेर राजेश हिरकने, मोबाइल नंबर +91-91315-97074, विकासखण्ड कांकेर स्तर पर प्रकाश कुमार कुमेटी मोबाइल नंबर +91-94062-32519 एवं अविनाश त्रिपाठी मोबाइल नंबर +91-700086-63604, विकासखण्ड नरहरपुर श्रीमती कविता कुलदीप मोबाइल नंबर 93031-54329, विकासखण्ड चारामा प्रकाश कुमार कुमेटी मोबाइल नंबर +91-94062-32519, विकासखण्ड एवं उप खंड भानुप्रतापपुर वाय.के. गुरू मोबाइल नंबर +91-94242-89412, उपखंड अंतागढ़ बलराज दरवाड़े मोबाइल नंबर +91-82696-59898, विकासखण्ड अंतागढ़ तुलाराम मधुकर मोबाइल नंबर +91-88270-79979 एवं अविनाश त्रिपाठी मोबाइल नंबर +91-70008-63604 तथा विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के लिए कपिल नेताम को नोडल अधिकारी बनाया गया है, उनका मोबाइल नंबर +91-97709-06721 जारी किया गया है।

## नवीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मिला दायित्व




दुर्ग (समय दर्शन)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64-दुर्ग शहर और क्रमांक 66-वैशाली नगर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की नियुक्तियों में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दायित्व सौंपा है।

यह संशोधन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिकारियों के स्थानांतरण और नवीन कार्यभार सौंपे जाने के फलस्वरूप किया गया है। आदेश के अनुसार, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक अग्रवाल के जिला कबीरधाम स्थानांतरण होने के बाद अब अपर कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह को विधानसभा क्षेत्र 64-दुर्ग शहर का नवीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिल्ली थॉमस को उप जिला निर्वाचन अधिकारी का प्रभार मिलने के कारण विधानसभा क्षेत्र 66-वैशाली नगर की जिम्मेदारी अब श्री महेश सिंह राजपूत, संयुक्त कलेक्टर को सौंपी गई है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यों का संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## दुर्ग के विकास में एक और मील का पत्थर

# मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल : दुर्ग में केनाल रोड निर्माण हेतु 6.64 करोड़ की स्वीकृति

दुर्ग (समय दर्शन)। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को शीघ्र ही यातायात सुविधा की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि और विधायी कार्य मंत्री श्री गजेन्द्र यादव की पहल पर राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा दुर्ग में केनाल रोड निर्माण के लिए 6 करोड़ 64 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रस्तावित केनाल रोड साइंस कॉलेज के समीप से ग्रीन चौक तक निर्मित किया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई लगभग 1100 मीटर एवं चौड़ाई 10 मीटर होगी। यह मार्ग दुर्ग शहर का पहला केनाल रोड होगा, जो शहर के यातायात तंत्र को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



दुर्ग शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए यह सड़क एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित होगी, जिससे प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा और नागरिकों को आवागमन में सुगमता प्राप्त होगी। इसके साथ ही क्षेत्र के समग्र शहरी विकास को भी गति मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि दुर्गवासियों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को ध्यान में रखते हुए बीते वर्ष मुख्यमंत्री के दुर्ग प्रवास के दौरान मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने केनाल रोड निर्माण का प्रस्ताव रखा था।

मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप त्वरित कार्रवाई करते हुए वित्त विभाग ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग शहर के समग्र विकास और नागरिकों की सुविधा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। केनाल रोड के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएं भी खुलेंगी।

उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री एवं वित्त विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में दुर्ग को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

इसके साथ ही मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश की सरकार दुर्ग शहर में सड़कों, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर रही है। केनाल रोड जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं न केवल शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेंगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार के नेतृत्व में दुर्ग को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं विकसित शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

दुर्ग में केनाल रोड की स्वीकृति मिलने पर दुर्ग निगम पार्षद और कार्यकर्त्ताओ ने मंत्री श्री गजेन्द्र यादव से मिलकर उनका आभार जताये है। दुर्ग की जनता की मांग को पूरा कर उन्होंने सबका विश्वास जीता है।

प्रदेश की सरकार दुर्ग के विकास के लिए निरंतर राशि स्वीकृति प्रदान कर रही है, प्रगतिरत कार्य पूर्ण होने पर दुर्ग विकसित शहर की श्रेणी आएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क नाली सहित सभी मूलभूत कार्य हो रहे है।

केनाल रोड बनने से भिलाई की ओर से आने वाहन सीधे ग्रीन चौक होते हुए आगे बढ़ जायेंगे इससे समय और ईंधन की बचत होगी तथा चौड़ी सड़क से आवागमन सुरक्षित होगा।

## खबर-खास

### जिला महामंत्री पंकज बांधव दिल्ली रवाना, एससी सेल की राष्ट्रीय बैठक में लेंगे भाग



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के स्टेट कोऑर्डिनेटर पंकज बांधव राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना हुए। वे 8 तारीख को आयोजित अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होंगे। उनके साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 40 प्रतिनिधि भी इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचेगे।

यह राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी भवन में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। अधिवेशन की अध्यक्षता अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय संयोजक राजेन्द्र पाल गौतम करेंगे।

अधिवेशन में छत्तीसगढ़ से बालोद जिला अध्यक्ष दीनानाथ चेलक, कवर्धा जिला अध्यक्ष राजेंद्र मारकंडे, दुर्ग शहर अध्यक्ष सुप्रिय टेंभुरकर, प्रदेश संयोजक राजकुमार आंचल सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में अनुसूचित जाति विंग को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाने के लिए रणनीति तय की जाएगी।

इस दौरान संगठन विस्तारए सामाजिक न्याय और अनुसूचित जाति वर्ग के सशक्तिकरण को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा होगी। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और आगामी राजनीतिक दिशा तय करने पर भी मंथन किया जाएगा।

### भाजपा की गांव बस्ती चलो अभियान कांग्रेस की नकल-अमितेश शुक्ल



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** भाजपा की स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान शुरू करने पर तंज कसते हुए पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा कि कांग्रेस कि गांव चलो अभियान की नकल कर अब भाजपा अपने स्थापना दिवस से गांव बस्ती चलो अभियान शुरू कर रही है पहले से ही कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ग्राम वार्ड बूथ समिति गठन करने गांव-गांव अभियान चला रहे हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं वरिष्ठ नेता गण गांव-गांव जा रहे हैं। संगठन का विस्तार कर रहे हैं। जनता से संवाद कर रहे हैं। जनता का आक्रोश भाजपा सरकार के प्रति हैं हर वर्ग में नाराजगी है सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस महंगी बिजली धान खरीदी में अनियमितता रोजगार बढ़ते अपराध भ्रष्टाचार सड़कों की जर्जर हालत पेयजल की समस्या लाचार शिक्षा स्वास्थ्य व्यवस्था बंद पड़े विकास कार्य शुरू करने की मांग एवं मोदी की गारंटी को पूरा करने जनता की आवाज उठा रही है इससे बीजेपी घबराई हुई है अब कांग्रेस के अभियान की नकल कर इन्हें सवा दो साल बाद गांव गली की याद आ रही है। पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा की कांग्रेस 15 हजार से अधिक गांव वार्ड में जाकर समिति और बुध कमेटी गठन कर रही है वही भाजपा कांग्रेस के अभियान की नकल तो कर रही है लेकिन सभी गांव बस्तियों में जाने से भी डर रही है इसलिए प्रत्येक विधानसभा में 200 से अधिक गांव है लेकिन भाजपा 50 चुनिंदा गांव में ही जा रही है भाजपा को समझ में आ गया है कि गांव में पीएम आवास किस्त नहीं मिलना,प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण नहीं होना,महंगी बिजली,एवं कटौती,धान खरीदी में गड़बड़ी,रबी फसल में धान फसल लगाने पर रोक मनरेगा शुरू नहीं होना अवैध शराब की बिक्री सहित अन्य विषयों से जनता में भारी नाराजगी है इसलिए सभी गांव बस्तियों में जाने से बच रही है ताकि जनता के गुस्से का सामना न करना पड़े। पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने भाजपा से पूछा की सुशासन तिहार में 44 लाख आवेदन आए थे उन आवेदनों का निराकरण क्यों नहीं हुआ? जब सरकार जनता की समस्याओं का निराकरण नहीं कर पाई तो भाजपा संगठन क्या कर लेगी?

# ट्रक से सामान खाली करते समय विद्युत लाइन की चपेट में आए मजदूर



**बालोद ( समय दर्शन )।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत झलमला क्षेत्र अंतर्गत शाम को एक बड़े हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है वहीं दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी अनुसार ग्राम के नहर पार स्थित एक कबाड़ी दुकान में ट्रक से सामान खाली करते समय वाहन 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। अचानक तेज आवाज के साथ ट्रक में करंट फैल गया जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार कबाड़ दुकान संचालक के आदेश पर बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के ही लापरवाही पुर्वक ट्रक के ऊपर चढ़कर मजदूर सामान उतार रहे थे, तभी वाहन ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन से कबाड़ समान टच हो गया। देखते ही देखते पूरे ट्रक में करंट दौड़ गया और वहां मौजूद पांच मजदूर इसकी चपेट में आ गए। इस दौरान दो मजदूरों ने कूदकर अपनी जान बचा ली, जबकि तीन मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए।

हादसे में बालोद नगर के जवाहरपारा निवासी दीनू सतनामी 50 वर्ष, बीरा स्वामी पिल्ले उर्फपांडे पिल्ले 38 वर्ष और राजनांदगांव निवासी आतिश कुमार 29 वर्ष गंभीर रूप से झुलस गए।

घटना के बाद सभी घायलों को तत्काल निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दीनू सतनामी को मृत घोषित कर दिया।वहीं बीरा स्वामी की हालत नाजुक होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है, जबकि आतिश कुमार का इलाज बालोद के एक निजी अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बालोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरु कर दी है। इस हादसे ने एक बार फिर कार्यस्थल पर सुरक्षा इंतजामों और बिजली लाइनों के नीचे काम करने को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मजदूर नहीं कूदते, तो यह हादसा और भी बड़ा हो सकता था।

# आरोपी गिरफ्तार, वाहन व मोबाइल जप्त

### ऑनलाइन सट्टा गिरोह पर कार्रवाई

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** जिले के जामुल थाना क्षेत्र में पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, एक कार और स्कूटी सहित लगभग 4.06 लाख की सामग्री जप्त की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 5 अप्रैल 2026 को थाना जामुल पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम खेदामारा के नहर किनारे मैदान में कुछ लोग मोबाइल के जरिए ऑनलाइन सट्टा खेल रहे हैं। सूचना पर जामुल थाना पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने तत्काल दबिश दी। रेड के दौरान तीन आरोपियों को "BET BHAI ~" नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाते हुए पकड़ा गया। आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार स्थान बदलते रहते थे और क्रेटा कार एवं स्कूटी से घूम-घूमकर सट्टा संचालित कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है डिकेश्वर सिन्हा उर्फ राजा (28 वर्ष), निवासी मठपारा, जामुल कुलेश्वर पटेल (28 वर्ष), निवासी खेदामारा, जामुल दीपेश कुमार लहरी उर्फ सन्नी (23 वर्ष), निवासी गणेश नगर, जामुल जप्त मोबाइल फोन की जांच में करीब 2.50 लाख से 3 लाख तक के ऑनलाइन लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। इस मामले में अपराध क्रमांक 220/2026 के तहत छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 5, 6 और 7 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के अवैध सट्टा या जुआ गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी जानकारी तत्काल पुलिस को दें। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में थाना जामुल पुलिस एवं ACCU टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जनगणना 2027 सर्वे प्रपत्र में पिछड़ा वर्ग का कॉलम जोड़ने की मांग

### सर्व एससी एसटी ओबीसी महासंघ ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**महासमुन्द ( समय दर्शन )।** भारत सरकार के राजपत्र क्रमांक सी. जी. डी.एल.अ-2201120269528 जारी दिनांक नई दिल्ली 22 जनवरी 2026 के गृह मंत्रालय भारत के रजिस्ट्रार के कार्यालय के अधिसूचना में उल्लेख स्थानीय क्षेत्र की सीमाओं के भीतर में भारत की जनगणना 2027 के संबंध में मकान की सूचीकरण तथा मकानों की गणना अनुसूचियों के माध्यम से जानकारी एकत्र करने के लिए नीचे प्रगणित मदों के संबंध में सभी व्यक्तियों से पूछे जाने वाली प्रश्नों 33 बिंदुओं की सरल संख्या 12 में सिर्फ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का उल्लेख है। परंतु अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए इसमें कहीं भी प्रावधान नहीं कि गई है। जबकि विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के द्वारा लगातार देश में जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग करते रहे हैं। जिसके कारण देश के ओबीसी वर्ग से आने वाले माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की गई है।

इसके बावजूद प्रारम्भिक सर्वे में पिछड़ा वर्ग को शामिल नहीं करना सचिव स्तर के अधिकारीयों की लापरवाही को या फिर जानबूझकर पिछड़ा वर्ग के साथ भेद-भाव को इंगित करतीं है। जिससे पिछड़ा वर्ग समाज में काफी नाराजगी व आक्रोश है चुंकि प्रारम्भिक जनगणना सर्वे में ही पिछड़ा वर्ग की पृथक जानकारी एकत्रित नहीं की जायेगी तो भविष्य में भी संशय रहेगी।

और देश के सबसे बड़ी आबादी वाले समाज की वास्तविक आंकड़े प्राप्त नहीं हो पायेगी। गरीबी,शिक्षा रोजगार व आरक्षण पर वास्तविक निर्णय लेने में भी अड़चनें होगी। बहुत से राज्यों में पिछड़ा वर्ग के वास्तविक आर्थिक सामाजिक आंकड़े नहीं होने के कारण अन्य संवैधानिक अधिकार जनसंख्या के अनुरूप नहीं मिल पा रही है।

सर्व अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग महासमुंद ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से शीघ्र ही संज्ञान लेकर ओबीसी का कालम जोड़ने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मांग पुरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा,मुन्ना साहु प्रदेश सचिव, एच आर बघेल, एसपी ध्रुव सरंक्षणद्वय, दिनेश बंजारे सलाहकार, राजेश डड़सेना विधि सलाहकार, विजय बंजारे कार्यकारी जिलाध्यक्ष,भुपेंद्र चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर उपाध्यक्ष,रेखराम बघेल महामंत्री, सुरेन्द्र ठाकुर,खिलावन साहु, कल्पनासुर्यवंशी संगठन मंत्री, दिनेश कुमार साहू सरपंच संघ अध्यक्ष,कुमार यादव, संतोष डहरिया, पुनाराम निषाद, भोलाराम निषाद, राजेश रात्रे, कुमार यादव,सुनील निषाद, केशवराम चंद्राकर , ओमप्रकाश पटेल संगठन मंत्री,अजय मालवीय,एच आर सोनवानी, आनन्द कुर्रे, चिंता कुर्रे व अन्य लोग शामिल रहे।

# धान खरीदी केंद्र बना 'राजनीतिक अखाड़ा'? झंडा फहराने पर उठे सवाल, प्रशासन से कार्यवाही की मांग



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले के धान संग्रहण केंद्रों में इन दिनों एक नया विवाद सामने आया है।किसानों की सुविधा और सरकारी कार्यों के लिए बनाए गए इन केंद्रों पर अब राजनीतिक दल बीजेपी के झंडे फहराने की चर्चा तेज हो गई है,जिससे पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है।

जानकारी के अनुसार छुरा क्षेत्र के सिवनी धान खरीदी केंद्र पूरी तरह से सरकारी व्यवस्था के अंतर्गत संचालित होते हैं,जहां केवल किसानों से संबंधित कार्य ही किए जाने का प्रावधान है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल का झंडा फहराना या प्रचार करना नियमों के खिलाफ माना जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से सरकारी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं और केंद्रों का माहौल भी प्रभावित होता है।किसानों ने भी इसे लेकर नाराजगी जताई है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस दौरान बीजेपी के एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार उपस्थित थे।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक,बिना अनुमति किसी भी सरकारी परिसर में राजनीतिक झंडा लगाना स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित है।यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाता है।

**किसानों का सवाल:**

जहां हमें धान बेचने आना है,वहां राजनीति क्यों? — किसानों ने साफ कहा कि धान खरीदी केंद्र केवल किसानों के काम के लिए ही रहने चाहिए,न कि उक्त स्थल को राजनीतीकरण किया जाए। धान संग्रहण केंद्रों में राजनीतिक झंडा फहराना न केवल नियमों के खिलाफ है,बल्कि यह सरकारी व्यवस्था की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा करता है।अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती दिखाता है।हालांकि वर्तमान में आचार संहिता लागू नहीं है,फिर भी प्रशासनिक नियमों के तहत सरकारी परिसरों में इस तरह की गतिविधियां प्रतिबंधित मानी जाती हैं।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिरकार प्रशासन की मौजूदगी में यह कार्यक्रम कैसे हुआ? क्या संबंधित अधिकारियों ने इसकी अनुमति दी थी,या फिर बिना अनुमति के यह आयोजन किया गया?

**कार्रवाई की मांग तेज**

विपक्षी नेताओं और स्थानीय नागरिकों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।उनका कहना है कि यदि समय रहते इस तरह के मामलों पर रोक नहीं लगाई गई,तो भविष्य में शासकीय संस्थानों का राजनीतिक दुरुपयोग बढ़ सकता है।धान खरीदी केंद्र जैसे संवेदनशील और सार्वजनिक उपयोग के स्थल पर राजनीतिक झंडा फहराने का मामला प्रशासन के लिए एक बड़ी परीक्षा बन गया है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है या मामला सिर्फबयानबाजी तक सीमित रह जाता है। वही मंडी के प्रभारी चरण सिंग ने बताया कि वो झंडा फहराने को माना किया गया,लेकिन अध्यक्ष तिहार सिंग ठाकुर के द्वारा जबरदस्ती झंडा फहरवाया गया साथ ही प्रभारी को बोलकर झण्डा फहराने पहुंचे लोगो के लिए स्वल्पाहार का व्यवस्था करवाया गया। इस विषय धान खरीदी के जिला नोडल अधिकारी शिवेश मिशा से संपर्क करने की कोशिश किया गया लेकिन वे फोन उठाना उचित नहीं समझे।

# चकरदा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**सागरपाली( समय दर्शन )।** सरायपाली विकास खण्ड के ग्राम चकरदा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण



समारोह बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

यह अवसर ग्रामवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक रहा, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणजनों की सक्रिय एवं सराहनीय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास सभापति श्रीमती उषा लालकुमार पटेल ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में सरपंच श्रीमती कौशिल्या नेपाल सिदार, जनपद सदस्य श्रीमती गौरी शिव पटेल, श्रीमती कुन्ती लीलाम्बर दीवान , भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री लालकुमार पटेल, मंडल महामंत्री सुरोतीलाल लकड़ा, अजजा मोर्चा अध्यक्ष लीलाम्बर दीवान, पूर्व सरपंच दामोदर चौहान, शिव पटेल, नेपाल सिदार एवं अजीत पटेल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर लोकार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने आंगनबाड़ी केन्द्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। यहाँ बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं संस्कारों का समुचित वातावरण प्राप्त होगा, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र महिलाओं एवं गर्भवती माताओं के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, जहाँ उन्हें पोषण आहार, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस प्रकार यह केन्द्र ग्राम के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी प्रवेक्षिका श्रीमती रेखा खम्हारी , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुतली बाई, सहायिका श्रीमती पदमा पटेल, रोजगार सहायक रामकुमार बंजारा एवं गुंजन सिदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने इस नई सौगात के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए शासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने आंगनबाड़ी भवन के सुचारु संचालन, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं क्षेत्र के सतत विकास की कामना की। पूरे कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो ग्राम चकरदा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**कोरबा ( समय दर्शन )।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में घर से बाहर जाकर ऑफिस वर्क करने वाले, खेती कार्य मे लगे आमजन तथा बाजार में खरीददारी आदि कार्य करने वाले व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थो का सेवन नहीं कर पाते हैं। इस कारण वे निर्जलीकरण के शिकार हो जाते हैं, जिसका समय पर उपचार ना मिलने के कारण मरीज की हालत गंभीर हो जाती है।

आम लोगों के द्वारा आवश्यक उपाय अपनाकर लू (तापाघात ) से बचाव किया जा सकता है। जिसके अंतर्गत गर्मी के दिनों में हमेशा घर से बाहर जाते समय सफेद, सूती या हल्के रंग के कपड़े पहनना, भोजन करके तथा पानी पीकर ही घर से बाहर निकलना, घर से बाहर जाते समय गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को कपड़े/ गमछे से ढककर ही निकलना, छतरी एवं रंगीन चश्मे का प्रयोग करना, गर्मी के दिनों में अधिक मात्रा में पानी पिना तथा ज्यादातर पेय पदार्थों का सेवन करना सहित अन्य उपाय अपना सकते है। इसी प्रकार बाहर जाते समय पानी साथ रखें, धूप में बेवजह बाहर जाने से बचें, बच्चों बुजुर्गों व गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें, साथ ही उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थों का सेवन कराएं। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को घर के अंदर आने से रोकें तथा जहाँ तक संभव हो अधिक से अधिक समय तक धूप में रहकर व्यायाम तथा मेहनत का काम ना करें, धूप में नंगे पांव ना चलें। इन सावधानियों को अपनाकर स्वयं को लू (तापघात) से बचा जा सकता है।

लू का शिकार होने पर व्यक्ति में सिर दर्द, बुखार, उल्टी एवं अत्यधिक पसीना आना, बेहोशी, चक्कर आना, सांस फूलना, दिल की धड़कन तेज होना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐंठन तथा त्वचा लाल एवं सूखी होना जैसे अन्य लक्षण शामिल है।लू (तापाघात) होने पर रोगी को छायादार स्थान पर कपड़े गीले कर लिटायें एवं हवा करें।

# किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**बसना ( समय दर्शन )।** किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम बंसुला में 06 अप्रैल सोमवार को वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 का परिणाम घोषित कर पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था प्रमुख आर. के. दास ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग का परिणाम है। उपप्राचार्य नंदिनी प्रधान ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने कक्षावार परिणामों की घोषणा की और विद्यार्थियों के केवल अकादमिक ही नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। साथ ही इस वर्ष 7 अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है। कक्षा नर्सरी से गुंजन बेहरा,काव्य नाग, पूर्विका मरकाम, हर्षिता यादव, अदिति साव अनन्य सोनी क्लास एल के जी.दिशा भोई, देवेश भोई, हर्ष पटेल, दुर्गेश जगत, लीना सागर, त्रिवेणी पटेल, क्लास यूकेजी यश प्रधान, ख्याति पटेल ,दिगेश पटेल, सयाना साव ,करुणा कुलदीप, विमल साव तृप्ति सागर कक्षा पहली से पुस्कर भोई, अंजू पटेल, हीना भोई, पिंकू सिंग चौहान, हर्ष पटेल, दृष्टि साव , जितेश गुरु, वंशिका महान, काव्य पटेल, आदित्य साव , कक्षा दुसरी से तुषांत भोई, अनुष्का पटेल, तम्माना भोई, गरिमा पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, गुंजन खम्हारी, आर्यन खम्हारी, नव्या पटेल, मनीष पटेल, अनीता पटेल, कक्षा तीसरी रूही कश्यप, अंजलि ध्रुव ,विद्या दास ,आस्था चौहान, रितिक सिंह चौहान, दक्ष रात्रे, काव्य चौधरी, आराध्या प्रधान,कक्षा चौथी आयत अंसारी, वर्षा दीवान, अमन साव, सोफिया परवीन,कक्षा छठवीं मेघा साव, खुशी दास, झरना गुरु उच्च स्थान प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत का उच्च प्रदर्शन किया।

प्राचार्य भगवती जगत ने बच्चों की सफलता पर हर्ष जताते हुए उपस्थित पालकगण न शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस पालक भगवती जगत, नंदिनी प्रधान, उषा बीसी, हसीना बेगम, आरती नाग, सबनम जौहरी, वसुधा साव अभिभावकों में से विजय दास, बसंत बेहरा,राकेश बेहरा, नारायण नाग,छबिलाल कश्यप , खेमराज पटेल, मल्लिकाव भोई, गोपी भोई, नूतन साव, शुभलया बेहरा सैकड़ो पालकगण उपस्थित रहे ।

# भाजपा स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस देश भर के कार्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इसी तारतम्य में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला भाजपा कार्यालय चंदई में भी ध्वजारोहण,दीप प्रज्ज्वलन, रंगोली सजावट,विचार गोष्ठी और मिष्ठान वितरण जैसे कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित किया गया।


जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति पटेल के कर कमलों से ध्वाजारोहण किए जाने के पश्चात् जिलाध्यक्ष और अन्य उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के गौरवशाली इतिहास,सिद्धांतों,राष्ट्र निर्माण में भाजपा की भूमिका पर प्रकाश डाला और राष्ट्र सेवा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

वक्ताओं ने कहा कि यह उन महान विभूतियों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने अपने त्याग, संघर्ष और समर्पण से पार्टी को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं पार्टी के संस्थापक नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

# खबर-खास

## सेलूद में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



**सेलूद ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का स्थापना दिवस हर साल 6 अप्रैल को मनाया जाता है। भाजपा की स्थापना आधिकारिक रूप से 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली में फिरोजशाह कोटला मैदान में आयोजित एक अधिवेशन में हुई थी। अटल बिहारी वाजपेयी इसके पहले अध्यक्ष थे। यह पार्टी भारतीय जनसंघ (1951 में स्थापित) का ही एक नया स्वरूप है। प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी जी बने थे द्य 47वां स्थापना दिवस पार्टी का वैचारिक आधार अंत्योदय, राष्ट्रवाद, और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद (हिंदुत्व) है द्य यह दिन पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम के संकल्प का प्रतीक है।

इस अवसर पर देश भर में भाजपा कार्यालयों पर पार्टी का ध्वज फहराया जाता है और विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, 2026 में 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक स्थापना दिवस सप्ताह भी मनाया जाएगा।

इसी तारतम्य में आज सेलूद शक्ति केंद्र में भी स्थापना दिवस मनाया गया द्य जिसमे प्रमुख रूप से खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, कृष्ण कुमार महामंत्री, टामन लाल साहू प्राधिकृत अधिकारी, रमेश देवांगन एसएमडीएस अध्यक्ष, खेमिन साहू मण्डल मंत्री, महेश्वर बनछोर संयोजक, राजू देवांगन सह संयोजक, अशोक यादव बूथ अध्यक्ष, किरण सोनवानी, सुनीता ठाकुर, पार्वती ठाकुर पंच द्वय, दिलेश्वरी देवांगन उपस्थित रहे।

## 6 महीने में पैसा डबल करने का सपना और 10 लाख की ठगी

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** पद्मनाभपुर इलाके में निवेश और लोन के नाम पर लोगों को सपने दिखाकर लाखों की ठगी करने वाली महिला आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गई और उसके खेल का पर्दाफाश हो गया, 05 अप्रैल 2026 को थाना पद्मनाभपुर पुलिस ने दो अलग-अलग धोखाधड़ी के मामलों में कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मी टाण्डी उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी रायपुर नाका को गिरफ्तार किया, आरोपी ने पहले सारपल्ली भास्कर को 6 महीने में रकम दोगुना करने का झांसा दिया और भरोसा जीतते हुए करीब 3 लाख रुपये नगद और 7 लाख रुपये ऑनलाइन खातों में ट्रांसफर करवाकर कुल 10 लाख से ज्यादा की ठगी कर ली, इतना ही नहीं उसी आरोपी ने कविता श्रीवास्तव को भी लोन दिलाने का भरोसा देकर 10 हजार रुपये ऑनलाइन और 50 हजार रुपये नगद ऐंठ लिए, जैसे ही पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **RAJU BAGHEL S/o BASANT BAGHEL** उम्र 39 वर्ष, निवासी कैलाश नगर वार्ड 19 तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं कि मेरे पुराना नाम **RAJU LAL S/o BASANT LAL** है जो कि मेरे समस्त अंकसूची एवं वाहन चालक लायसेंस में दर्ज है कि पूर्व का नाम है, कि मैंने आज दिनांक को अपना नाम परिवर्तन कर लिया है अब मेरा नाम **RAJU BAGHEL S/o BASANT BAGHEL** कर लिया है एवं उक्त नाम मेरे पासपोर्ट में दर्ज करवाना चाहता हूं।

सो सूचना जाने।

निवासी - कैलाश नगर वार्ड नंबर 19 तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

**RAJU BAGHEL S/o BASANT BAGHEL**

पिता वीरेन्द्र चंद्राकर आयु 26 वर्ष, निवासी ग्राम चिरपोटी पोस्ट मतवारि,वार्ड 3 म.न. 22 दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# किरंदुल को मिली बड़ी सौगात: रामाबूटी का पानी अब पाइपलाइन से होगा संग्रहित

**किरंदुल ( समय दर्शन )।** नगर पालिका परिषद किरंदुल में वार्ड क्रमांक 02 के रामाबूटी से मेन टंकी तक डीआई पाइपलाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।



लगभग 1.22 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस पाइपलाइन से क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और नालियों में बहने वाले रामाबूटी के पानी को अब संग्रहित किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में दंतेवाड़ा विधायक चेतराम अटामी जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने इसे वार्ड-02 के लिए बड़ी सौगात बताया और कहा कि लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या अब दूर हो सकेगी। विधायक चेतराम अटामी ने हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने की प्रदेश सरकार की प्राथमिकता दोहराई और कार्य को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

वार्ड पार्षद गिरजा विश्वकर्मा ने भी इस योजना को क्षेत्रवासियों की लंबे समय से प्रतीक्षित मांग बताया।

यह परियोजना पूरा होने पर वार्ड-02 के निवासियों को बेहतर जल सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# पीएम-आशा योजना के तहत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी शुरू

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन और तिलहन की खरीदी शुरू कर दी गई है। विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चना, सरसों एवं अरहर की खरीदी का शुभारंभ आज विकासखंड धमधा के सेवा सहकारी समिति घोंटा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह एवं तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू ने भगवान बलराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। शुभारंभ के दौरान किसानों द्वारा लाए गए चना की तौल मशीन में तौल कर खरीदी प्रक्रिया की विधिवत शुरुआत की गई। शुभारंभ अवसर पर 12 किसानों से 336 क्विंटल चना और एक किसान से 10 क्विंटल अरहर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई।

कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण (पीएम-आशा) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को इसका पूरा लाभ सही तरीके से मिलना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी एक बड़े अभियान के रूप में सफलतापूर्वक संचालित की गई है और अब अन्य फसलों को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर शामिल करने की मंशा भारत सरकार की है।

इसी उद्देश्य के तहत पीएम-आशा योजना की शुरुआत की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की मंशा है कि धान के अलावा अन्य फसलों को भी बढ़ावा दिया जाए। लगातार एक ही फसल उगाने से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है और पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है और बीमारियों का खतरा भी कम होता है। धान की खेती में पानी की खपत अधिक होती है। उन्होंने किसानों से चना, दलहन जैसी कम पानी वाली फसलों की खेती करने की सलाह दी।

# एडीएम एवं जिला सीईओ ने की समीक्षा बैठक, योजनाओं में समयबद्ध प्रगति के दिए निर्देश

**मुंगेली( समय दर्शन )।** जिले में संचालित शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने ली। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी योजनाओं में लक्ष्य आधारित एवं समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए, साथ ही कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक के दौरान अग्निवीर भर्ती के तहत



ऑनलाइन पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक युवाओं को पंजीयन के लिए प्रेरित किया जाए तथा इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए एडीएम ने सभी विभागों को शत-प्रतिशत कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं गति लाई जा सके। उन्होने जनगणना कार्य की प्रगति पर चर्चा करते हुए बेहतर कार्ययोजना बनाकर व्यवस्थित रूप से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्षित उपलब्धि प्राप्त करने हेतु ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शेष लगभग 15 हजार आवासों के शीघ्र पूर्णता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम पंचायतों का नियमित निरीक्षण करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक मानव संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए पीएचई विभाग की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि जिले के 08 गांवों में पूर्ण जल प्रदाय सुनिश्चित किया जा चुका है।

# तपती गर्मी में सेवा की ठंडी छांव: स्काउट-गाइड्स ने प्याऊ घर खोलकर राहगीरों को दी राहत

**किरंदुल ( समय दर्शन )।** सोमवार को छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार नगर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा रूबी शैलेंद्र सिंह ने फीता काटकर इसका विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र की गरिमा मयी उपस्थिति रही। भीषण गर्मी के बीच भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, छत्तीसगढ़ इकाई एवं डीएवी पब्लिक स्कूल,



किरंदुल के छात्र-छात्राओं ने समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। आम नागरिकों और राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लगाए गए इस प्याऊ में ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया, जिससे लोगों को तेज गर्मी में बड़ी राहत मिली। प्याऊ घर एवं आवश्यक सामग्री की व्यवस्था नगर पालिका अध्यक्षा रूबी शैलेंद्र सिंह एवं नगर पालिका के सहयोग से हुआ। प्राचार्य एस. के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में स्काउट-गाइड्स के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सेवा कार्य में भाग लिया। स्कूल परिसर के बाहर लगाए गए प्याऊ घर में मिट्टी के घड़ों के माध्यम से राहगीरों को पानी पिलाया गया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। रेंजर लीडर तृप्ति प्रसाद, स्काउट कैप्टन नारायण प्रसाद सहित कब, बुलबुल, स्काउट एवं गाइड के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल को मानवता, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

## भाजपा स्थापना दिवस पर अटल बिहारी वाजपेई के सिद्धांतों और योगदान को किया याद

**नंदिनी अहिवारा( समय दर्शन )।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नटवर लाल



ताम्रकार के नेतृत्व में अहिवारा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ अटल परिसर में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति पर नमन करते हुए उन्होंने अपने संबोधन में कहा पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल 1980को अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में हुई थी, अटल बिहारी वाजपेई के सिद्धांतों और योगदान को याद किया गया और भाजपा पार्टी के संकल्पों को जनता के बीच में जाकर का पार्टी के संकल्पों को समक्ष रखा एवं विचारधारा को उनके बीच रखा बीजेपी स्थापना दिवस 40 साल पहले शुरू हुई सफर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंजिल तक पहुंचाया भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक समृद्धि एवं शक्तिशाली राष्ट्र के में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ 6 अप्रैल 1980 के आयोजित अधिवेशन में पूर्ण किया गया अटल बिहारी वाजपेई द्वारा नटवरलाल ताम्रकार के नेतृत्व में विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें पूरे नगर में पार्टी के संकल्पों को जनता के समझ रखा सबका साथ सबका विकास बीजेपी का इतिहास एवं विकास इस गौरवशाली अवसर पर भारतीय जनता पार्टी देश में नया इतिहास रचने पर अग्रसर है इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष लीमन साहू मंडल अध्यक्ष राम जी निर्मलकर एवं पार्षद गण अनूज साहू शिवनारायण अग्रवाल मीना जोशी एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता जंघेल पुनीता रावत लोकेश्वरी साहू आदि समस्त कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पीओएस मशीन से अनियमित यूरिया वितरण पर 106 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस



**महासमुंद( समय दर्शन )।** भारत सरकार के उर्वरक मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में उर्वरकों के वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में 16 मार्च 2026 से 29 मार्च 2026 के दौरान पीओएस मशीन के माध्यम से यूरिया के अनियमित वितरण के मामलों में जिले के कुल 106 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक कृषि श्री एफ आर कश्यप ने बताया कि इनमें 86 निजी तथा 20 सहकारी संस्थाएं शामिल हैं, जिनके द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन करते हुए यूरिया का विक्रय अनियमित रूप से किया गया। इस पर संबंधित संस्थाओं को नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। उप संचालक कृषि श्री कश्यप ने बताया कि जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने और किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध कराने के लिए मैदानी अधिकारियों द्वारा निजी एवं सहकारी संस्थाओं का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को निर्धारित दर पर और पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सके।

## मुआवजे को लेकर भड़के किसान, रेलवे सर्वे के दौरान हंगामा, पुलिस ने किया हस्तक्षेप

**भिलाई।** खरसिया-नवा रायपुर-परमालकसा नई रेलवे लाइन परियोजना को लेकर दुर्ग जिले में विरोध तेज हो गया है। सोमवार को पुरई गांव में सर्वे करने पहुंची राजस्व और रेलवे विभाग की टीम को किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

करीब 18,658 करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत जिले के लगभग 14 गांवों की जमीन अधिग्रहित की जानी है। लेकिन मुआवजे की राशि और शर्तों को लेकर स्पष्ट जानकारी न मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें भू-अर्जन अधिनियम के तहत चार गुना मुआवजा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी दी जाए। साथ ही उन्होंने मुआवजा हेक्टेयर के बजाय वर्गफीट के हिसाब से तय करने की मांग भी रखी है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न संकुलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मुंगेली( समय दर्शन )।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. डहरिया द्वारा 04 अप्रैल को जिला मुख्यालय के संकुल ग्राम तरवरपुर, झिटकनिया, तरवरपुर एवं उदका के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों में स्थानीय स्तर पर परीक्षाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित होने पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों को परीक्षा कार्य को पारदर्शी एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डहरिया ने शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना का लाभ उठाकर विद्यालयों एवं व्यक्तिगत स्तर पर बिजली उत्पादन को



बढ़ावा दें, जिससे ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ राष्ट्रहित में योगदान सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही उन्होंने एमबीयू अपडेशन एवं रिवेलिडेशन कार्य को प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि संबंधित शिक्षक एवं कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा में लोक सेवा केंद्र या शिविर के माध्यम से 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने 17 से 21 वर्ष आयुवर्ग के पात्र विद्यार्थियों का अग्निवीर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसका लाभ सभी पात्र छात्रों तक पहुंचाया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में कार्यरत सफाईकर्मियों एवं रसोइयों का श्रमेव जयते योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत पंजीयन कराने पर भी विशेष जोर दिया, ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। विद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं पर ध्यान देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने पेयजल स्रोतों के उचित रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकने के लिए मोटर पंप को बिना आवश्यकता चालू न छोड़ा जाए तथा जल संरक्षण के प्रति सभी को जागरूक किया जाए।

शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से उन्होंने प्राथमिक स्तर से ही बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करें तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार ही जिले के समग्र विकास का आधार है और इसमें शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# केंदुआ मण्डल में भाजपा ने स्थापना दिवस पर लहराया पार्टी का ध्वज

**सरायपाली ग्रामीण ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर भाजपा मंडल केदुवां के पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के ध्वज का विधिवत ध्वजारोहण कर उत्साह, गौरव और अपार ऊर्जा के साथ इस दिवस को मनाया गया।

यह आयोजन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि संगठन के प्रति अटूट निष्ठा, समर्पण और राष्ट्रसेवा के संकल्प को पुन: जागृत करने का प्रेरणादायी क्षण बना।



इस गरिमामयी अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल, मंडल अध्यक्ष दण्डधर साव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री लालकुमार पटेल जी, महामंत्री सुरोतीलाल लकड़ा, महामंत्री प्रमोद पटेल, जनपद सभापति श्रीमती उषा पटेल सहित अनेक सम्माननीय जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष उत्तम डडसेना, किसान मोर्चा अध्यक्ष भूमिराम साहू, अजजा मोर्चा अध्यक्ष लीलाम्बर दीवान, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, मंत्री धनेश पटेल, माधवदास चौधरी, कोमल नायक, शरद पटेल, रवि चौहान, नेपाल साहू, बनित सिदार, जयप्रकाश चौधरी, गोपाल शर्मा, गौरीशंकर पटेल, सुखसागर पटेल, सीताराम पोर्ते तथा अजजा मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी कमल सिदार सहित अनेक समर्पित कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में संगठन की विचारधारा, राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति अपनी अटूट आस्था और प्रतिबद्धता को पुन: व्यक्त किया। यह आयोजन संगठन की एकता, समर्पण, अनुशासन और सेवा भाव का जीवंत उदाहरण बनकर सभी के मन में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ ।

# चार दशक का लाल आतंक से छत्तीसगढ़ सशस्त्र नक्सल मुक्त हुआ

## कवर्धा में गृह मंत्री विजय शर्मा का किया बाजा-गाजा, लड्डुओं से तौलकर किया ऐतिहासिक अभिनंदन




**कवर्धा ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ सहित देश के लिए ऐतिहासिक क्षण तब आया जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च को सदन में सशस्त्र नक्सलवाद के समाप्ति की घोषणा की। लगभग चार दशकों से इस समस्या से जूझ रहे छत्तीसगढ़ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के दृढ़ संकल्प, रणनीति और सतत प्रयासों से यह बड़ी सफ्लता हासिल की। श्री शर्मा ने कहा कि यह जीत जनभागीदारी, सुरक्षा बलों के साहस और बस्तरवासियों के विश्वास की है।

नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनने के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा के कवर्धा प्रथम आगमन पर स्थानीय महामाया चौक में ऐतिहासिक नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। हजारों की संख्या में लोग बाजा-गाजा, ढोल-नगाड़ों और उत्सवी माहौल के साथ उपस्थित रहे। पूरे शहर में जश्न का वातावरण नजर आया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस अभियान में भारतीय सेना, पुलिस और समस्त सशस्त्र बलों के जवानों के अदम्य साहस, समाज की जागरूक भागीदारी, राजनीतिक नेतृत्व की इच्छाशक्ति, पत्रकार बंधुओं की भूमिका और सबसे बढ़कर बस्तर के नागरिकों के सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के समुचित प्रयासों से ही सशस्त्र नक्सलवाद का अंत संभव हो सका और अब बस्तर में खुशहाली की नई शुरुआत हो रही है।

कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज, यादव समाज, ठाकुर समाज, कुर्मी समाज, साहू समाज, सतनामी समाज, निर्मलकर समाज, गुप्ता समाज, अहिरवार समाज, लोधी समाज, पटेल समाज, गोंड समाज, केसरवानी गुप्ता समाज, सेन समाज, गंधर्व समाज, स्वर्णकार समाज, जैन समाज, वैष्णव समाज सहित सभी समाजों की भागीदारी रही। साथ ही जिला प्रेस क्लब, यूथ क्लब, हरीतिमा परिवार, प्राइवेट स्कूल संघ, नाथ योगी समाज, फाइटर क्लब, जिला क्रिकेट संघ, ज्वाइन हैंड ग्रुप, ट्रक मालिक संघ, पतंजलि योग समिति, सीनियर सिटीजन समिति एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### जनता ने अपने लाड़ले विधायक के प्रति गर्व व्यक्त किया

कवर्धा की जनता ने अपने लाड़ले विधायक एवं प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के प्रति गर्व व्यक्त करते हुए इस ऐतिहासिक उपलब्धि को छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल, सुरक्षित और विकसित भविष्य की दिशा में निर्णायक कदम बताया।

विजय शर्मा ने कहा कि मैं आप सभी के प्रेम से अभिभूत हूँ। मुझे नहीं पता था कि आप सब नक्सल समस्या को इतनी गंभीरता से समझते हैं। यह वास्तव में अत्यंत संवेदनशील विषय रहा है, और जो लोग इससे पीड़ित रहे हैं, उनकी पीड़ा को शब्दों में समझा भी नहीं जा सकता। माओवाद एक आयातित विचार है, जिसका उद्देश्य केवल बंदूक की नली से सत्ता स्थापित करना रहा है, जबकि भारत का लोकतंत्र प्राचीन काल से लक्ष्मी गणराज्य और वैशाली गणराज्य के समय से सशक्त रहा है, जिसकी झलक आज भी बस्तर के समाज में दिखाई देती है। भोले-भाले लोगों को बहलाकर उनके हाथों में बंदूक थमा दी गई। स्कूल, सड़क और तालाबों के किनारे बारूद बिछाए गए। शिक्षा दूत, सुरक्षा कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, शासकीय कर्मचारी और निर्दोष ग्रामीणों तक की निर्मम हत्या की गई। सैकड़ों लोग इन विस्फोटों में अपंग हो गएकृउनके मानवाधिकारों की रक्षा कौन करेगा ?जब बस्तर के पीड़ितों ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, तब उन्होंने संकल्प लिया कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त किया जाएगा। और जब गृह मंत्री संकल्प लेते हैं, तो वह तय समय में पूरा होता है।

सरकार ने शस्त्र छोड़ने वालों के लिए लाल कारपेट बिछाकर स्वागत किया और उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की। हमने संवाद के लिए वीडियो कॉल तक का माध्यम अपनाया। विपक्ष ने इसका मजाक उड़ाया, लेकिन कवर्धा की जनता के विश्वास से सैकड़ों लोगों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में वापसी की। आज बस्तर के गांवों में लोग अपने आंगन में खुलकर हंस रहे हैं। अब वहां डर नहीं, विकास की बातें हो रही हैं। गांवों के मेले और बाजारों में रौनक लौट आई हैकृयह बदलाव ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# खट्टी के भट्टी जंगल का खूनी रौद्र रूप मौत का सबसे खतरनाक अड्डा, अज्ञात व्यक्ति की बर्बर हत्या ने पूरे इलाके में मचा दिया दहशत



**महासमुंद( समय दर्शन )।** महासमुंद जिले के खट्टी गांव के पास का घना जंगल में एक भयानक हत्याकांड का गवाह बन चुका है। यहां का कक्ष क्रमांक 77, जो आमतौर पर सुनसान और शांत रहता था, अब मौत की दास्तां का प्रतीक बन गया है।

एक अज्ञात व्यक्ति की इतनी निर्मम और क्रूर हत्या हुई है कि देखने वाले भी सिहर उठे। इस घटना ने न सिर्फखट्टी गांव, बल्कि आसपास के कई गांवों में भय और दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। मिली जानकारी अनुसार,गांव के कोटवार जब रोज की तरह जंगल के उस हिस्से से गुजर रहे थे, तो उनकी नजर एक संदिग्ध चीज पर पड़ी। करीब जाकर देखा तो वह सिहर उठा।

वहां एक व्यक्ति का शव बुरी तरह से पड़ा था। शव की हालत इतनी भयावह थी कि, साफदिख रहा था,,हत्या बेहद बेरहमी से की गई है। लाश पर चोटों के निशान, खून के धब्बे और संघर्ष के साफ-साफप्रमाण बयां कर रही थी?

कोटवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया गया।

मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। उन्होंने खुद जांच की और बताया कि,लगता है मृतक को पहले बुरी तरह पीटा गया है, फिर जान ली गई है?

आसपास खून के छींटे, टूटे-फूटे सामान और संघर्ष के निशान बिखरे पड़े थे। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को भी बुलाया गया है, जो वैज्ञानिक तरीके से सबूत जुटा रही है। डीएनए, फिंगरप्रिंट और अन्य टेक्निकल जांच से जल्द ही कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के लिए यह सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर यह व्यक्ति कौन था? उसे इस घने और सुनसान जंगल में क्यों लाया गया? क्या यह पुरानी रंजिश का बदला था? या फिर किसी बड़े आपराधिक गिरोह का हिस्सा? पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है—स्थानीय दुश्मनी, पुराने विवाद या फिर कोई संगठित अपराध।

### दारू भट्ठी का राज़ - संदेहों का घेरा और बढ़ा

घटना स्थल के ठीक पास एक कंपोजिट दारू भट्ठी का होना भी कई सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, इस इलाके में पहले भी कुछ संदिग्ध गतिविधियां चलती रही हैं। हालांकि पुलिस ने अभी किसी थ्योरी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन हर संभव कड़ी को जोड़कर छानबीन की जा रही है।

इस घटना के बाद खट्टी और आसपास के गांवों में डर का माहौल है। लोग कह रहे हैं कि उन्होंने कभी इतनी निर्दयी और क्रूर वारदात नहीं देखी। शाम ढलते ही सड़कें सूनी हो जाती हैं। महिलाएं और बच्चे खासतौर पर सहमे हुए हैं। कई परिवारों ने रात में बाहर निकलना ही बंद कर दिया है।

यह हत्याकांड ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा की कमी को भी उजागर कर गया है। क्या अपराधी अब इतने बेखौफ हो चुके हैं कि जंगलों में खुलेआम ऐसी घटनाएं हो रही हैं? क्या पुलिस की गश्त और निगरानी पर्याप्त नहीं है? स्थानीय लोग अब बेहतर सुरक्षा और नियमित गश्त की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। हर संभव सुराग पर काम चल रहा है। अधिकारी भरोसा दिला रहे हैं कि जल्द ही हत्यारे पकड़े जाएंगे और इस खौफ्नाक राज से पर्दा उठ जाएगा।

# ढौर में राशन दुकान के सेल्समैन को बदलने की मांग, राशन वितरण में बरती जा रही है लापरवाही



### एसडीएम पाटन को सौंपा ज्ञापन

**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम ढोर तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग छ.ग. राशन दुकान के संचालक सरिता स्व सहायता समूह द्वारा संचालित है लेकिन सेल्स मैंन द्वारा मनमानी ढंग से बिना किसी सूचना के सरिता स्व सहायता समूह के अध्यक्ष व सचिव अपने घर के माँ और कोई कमला झा व बिमला झा का बना दिया गया और राशन दुकान का कमीशन का पैसा इन्ही दोनों के खाता में आता है।

जो न सरिता स्व सहायता समूह ग्राम दौर की महिला है और ना ही ग्राम ढौर का निवासी है। ग्राम ढौर का राशन दुकान सरिता स्व सहायता समूह द्वारा विगत 18 वर्षों से संचालित है सरिता स्व सहायता समूह के उस समय का अध्यक्ष चंद्रकुमारी कुर्रे द्वारा उस समय के तात्कालिक सरपंच को रोशनी मिश्रा के पति राजकुमार मिश्रा को सोसाइटी राशन दुकान संचालन के लिए दिया गया। वर्ष 2015-2016 राजकुमार मिश्रा पर न्यालय कार्यवाही के चलते रजत दुबे पिता अशोक दुबे जो पाटन में राशन गोदाम में ट्रांसपोटर था। राशन दुकान संचालन के लिए दे दिया गया उसके बाद रजत दुबे सेल्स मैंन शंकर वर्मा को बना दिया गया। उसके बाद रजत दुबे द्वारा अपने मित्र प्रतिक झा को दे दिया। उसके बाद अभी कोई भिलाई निवासी प्रदीप को दिया है। एसडीएम से निवेदन है की गाँव के लोगों को राशन दुकान परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अतः आप से निवेदन है की संचालन सरिता महिला स्व सहायता समूह द्वारा हो और सेल्स मैन को हटा कर नया सेल्स मैंन नियुक्त करने की मांग की है।

# बरगा के कमलेश वर्मा ने दिया न्यौता भोज



**साजा ( समय दर्शन )।** थानखम्हरिया समीपस्थ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हाटरांका में सोमवार को न्योता भोज का आयोजन किया गया। समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए ग्राम बरगा के कमलेश वर्मा ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। न्योता भोज में खीर-पूड़ी, चावल,दाल, सब्जी, पापड़,केला बांटी गई। संस्था प्रमुख आलोक तिवारी एवं संकुल समन्वयक पीलूराम साहू ने कमलेश वर्मा के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों को भी समाज के प्रति जागरूक होना जरूरी है और मिलजुलकर जरूरतमंदों की सहायता करना चाहिए। गौरतलब हो कि एकता में शक्ति है, जिससे संगठन को विकास का नया आयाम मिलता है। न्योता भोज के दौरान पूर्व सरपंच रामखिलावन साहू, सेवा सहकारी समिति हाटरांका पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला हाटरांका एवं संकुल समन्वयक के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं की अहम सहभागिता रही।

# भाजपा स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय में ध्वजारोहण व संगोष्ठी आयोजित



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिला मुख्यालय में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय में ध्वजारोहण के साथ गरिमामय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इसके अलावा मंडल मुख्यालय में भाजपा का ध्वज फ्हराया गया वही कार्यकर्ताओ ने घरों में भी भाजपा का ध्वज लगाया जिला भाजपा कार्यालय में लाइटिंग से रोशनी की गई है इसके अलावा दीप प्रज्वलित कर मिष्ठान्न का वितरण किया गया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एव बिंद्रानवगढ़ विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित संगठन है, जो राष्ट्रहित और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि संगठन की मूल विचारधारा और सिद्धांतों को आत्मसात करने का दिन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।वही जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसकी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश भी दिए।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्रि ने किया आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव , जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालीमा ठाकुर जिला प्रवक्ता पारस ठाकुर शिवांगी चतुर्वेदी वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल घनश्याम सिन्हा अनूप भोसले महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदू सिन्हा मिलेश्वरी साहू मंडल अध्यक्ष गरियाबंद सुमित पारख बिंद्रानावागढ़ धनराज विश्वकर्मा जीवन एस साहू फारुक चौधरी रेणुका साहू विष्णु मरकाम तोकेश्वरी साहू प्रहलाद ठाकुर आसिफमेमन अमित वखरिया गोविंद तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बलौदाबाजार प्रेस क्लब में दिखी एकता और भाईचारे की मिसाल, तीन वरिष्ठ पत्रकारों का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया




**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )।** बलौदाबाजार प्रेस क्लब में शनिवार 4 अप्रैल को पत्रकारों के बीच आपसी एकता, भाईचारे और आत्मीयता की अनूठी झलक देखने को मिली। प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार, प्रमुख सलाहकार एवं अपनी निर्भीक और बेबाक लेखनी के लिए पहचाने जाने वाले राघवेंद्र सिंह का जन्मदिन प्रेस क्लब भवन में बड़े ही सादगीपूर्ण लेकिन उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर, बुके भेंट कर, फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तथा उपस्थित साथियों ने मिठाई खिलाकर अपनी खुशियाँ साझा कीं।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि नवरात्रि के व्यस्त दिनों के कारण अपने निर्धारित तिथि पर जन्मदिन नहीं मना पाने वाले प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष दिलीप महेश्वरी एवं वरिष्ठ पत्रकार उमेश बाजपेयी का जन्मदिन भी इसी अवसर पर सामूहिक रूप से मनाया गया। इस प्रकार प्रेस क्लब के तीन प्रमुख और सक्रिय सदस्यों का जन्मदिन एक साथ मनाते हुए पत्रकारों ने आपसी सौहार्द और संगठनात्मक एकता का परिचय दिया।

इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी ने कहा कि राघवेंद्र सिंह, दिलीप महेश्वरी और उमेश बाजपेयी जैसे वरिष्ठ और अनुभवी पत्रकार प्रेस क्लब के मजबूत आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि इनकी निर्भीक, निष्पक्ष और जनहित से जुड़ी पत्रकारिता समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ ही प्रेस क्लब की गरिमा को भी निरंतर बढ़ा रही है। उन्होंने तीनों पत्रकारों को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रेस क्लब केवल एक संस्था ही नहीं बल्कि एक परिवार है, जहाँ सभी सदस्य एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। जन्मदिन जैसे अवसरों को सामूहिक रूप से मनाना इसी पारिवारिक भावना और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

इस दौरान सभी सदस्यों ने मिलकर स्वल्पाहार ग्रहण किया और आपसी संवाद के माध्यम से पत्रकारिता से जुड़े अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए सामूहिक भोजन की व्यवस्था भी की गई थी, जिसमें प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। यह दृश्य प्रेस क्लब की एकता, भाईचारा, पारस्परिक सम्मान और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बन गया।

इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी, उपाध्यक्ष दिलीप महेश्वरी, सचिव विजयशंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश्वर गिरी, वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र सिंह, उमेश बाजपेयी, राजकुमार वलेचा, आभाष शर्मा, पुष्पकांत मेजर सहित प्रेस क्लब के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर

# संक्षिप्त-खबर

## स्वामी आत्मानंद स्कूलों के शिक्षकों-कर्मचारियों ने शिक्षा मंत्री को सौंपा 12 सूत्रीय मांग पत्र




**पाटन ( समय दर्शन )।** यादव (ठेठवार) महासभा राजिम में आयोजित वार्षिक अधिवेशन के दौरान स्वामी आत्मानंद स्कूलों के संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री के आगमन के अवसर पर शिक्षकों और कर्मचारियों ने 12 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत करते हुए अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की। ज्ञापन में सेवा शर्तों में सुधार, नियमितीकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया गया।

इस दौरान एस. के. यदु (सेजेस बिरगांव), एन. एल. साहू (सेजेस राजिम) एवं ओमकार साहू (सेजेस हरिहर, नवापारा) सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि शिक्षा मंत्री उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल करेंगे और जल्द समाधान सुनिश्चित किया।

## लता कुंज में कांग्रेस की बैठक, गांव गांव , बूथ तक पहुंचेगी कार्यकर्ता



**पाटन ( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस व जिला कांग्रेस के आव्हान पर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन द्वारा संगठन सुदृढ़ीकरण के तहत बूथ गठन एवं ग्राम पंचायत अध्यक्ष के साथ साथ संगठन विस्तार के विषय में महत्वपूर्व बैठक तर्रा स्थित लताकुंज में रखा गया जहां बूथ स्तर से लेकर ग्राम पंचायत सेक्टर स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से आदरणीय चैतन्य (बिट्टू) बघेल जी सुपुत्र, पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ आदरणीय भूपेश बघेल जी श्री आशीष वर्मा जी पूर्व ह्रस्ष्ठ, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री भुवन साहू जी प्रभारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन श्री देवेंद्र चंद्रवंशी जी जिला पंचायत सदस्य मोहन साहू अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन महेंद्र साहू अध्यक्ष, नगर मंडल अमलेश्वर गोपाल देवांगन नगर मंडल अध्यक्ष पाटन जय श्री वर्मा जी खिलावन चंद्राकर जी अश्वनी साहू जी उर्वशी वर्मा जी संतोषी तिवारी जी अजय सिंगार जी जवाहर वर्मा जी खिलेश मारकंडे जी विपुल चंद्राकार जी विष्णु वर्मा जी एवं समस्त मंडल अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी जिले के पदाधिकारी ब्लॉक पदाधिकारी एवं पाटन ब्लॉक के समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला पंचायत सीईओ ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं, 28 आवेदन प्राप्त हुये, कई मामलों का हुआ त्वरित निराकरण



**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार आज सोमवार को कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्रीमती प्रेमलता पद्माकर ने की। जनदर्शन में जिले के विभिन्न विकास खंडों और ग्रामों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी शिकायतें, समस्याएँ और मांगें रखीं। इस दौरान सीईओ श्रीमती पदमाकर ने सभी उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का निराकरण मौके पर ही किया गया, जबकि जांच योग्य मामलों को टीएल पंजी (टाइम लिमिट रजिस्टर) में दर्ज कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

जनदर्शन में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई तात्कालिक महत्व के थे। इनमें भूमि संबंधी विवाद, पेंशन, मुआवजा, आवास योजना, विद्युत तारों की ऊँचाई, रास्ते की समस्या, मुक्तिधाम के लिए भूमि जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं।

इसके अतिरिक्त, आम नागरिकों द्वारा निराश्रित पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति, बैटरी चलित ट्रायसायकल की मांग, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, तथा आम रास्ता खुलवाने जैसे विषयों पर भी आवेदन प्रस्तुत किए गए। सीईओ श्रीमती प्रेमलता पदमाकर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में निपटारा किया जाए और समाधान की जानकारी आवेदक को दी जाए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायतों के निराकरण से वंचित न रहे।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26